हरिभूमि
रायपुर भूमि

तिरंगा यात्रा के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति रही।

18 चौराहों के चौड़ीकरण पर काम शुरू, महिला थाना चौक का ले-आउट तैयार, अस्थायी स्ट्रक्चर, लोधीपारा में डिवाइडर पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के प्रमुख 18 चौक-चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने नगर निगम और ट्रैफिक विभाग ने मिलकर दोबारा सर्वे के बाद काम शुरू कर दिया है। इसके तहत महिला थाना चौक के पास सुगम आवागमन के लिए ले-आउट तैयार है, यहां फिलहाल अस्थायी स्ट्रक्चर रखकर यातायात का दबाव कम करने ट्रायल शुरू किया गया है। इसी तरह खजाना चौराहे को लेफ्ट टर्न फ्री करने की तैयारी है।

- खजाना चौराहे में लेफ्ट टर्न फ्री होगा, शहीद भगतसिंह चौक होगा व्यवस्थित
- लाखेनगर चौक का ले-आउट तैयार, टेम्परेरी स्ट्रक्चर रखकर ट्रैफिक सुगम बनाने की तैयारी



लाखेनगर चौक पर बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए ट्रैफिक विभाग के सहयोग से ले-आउट तैयार किया गया है, यहां टेम्परेरी स्ट्रक्चर रखकर सुगम आवागमन की व्यवस्था बनाई गई है। दरअसल मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत शहर के व्यस्त और प्रमुख चिन्हांकित चौराहों को इसमें लिया गया है। इस पर 9 करोड़ खर्च होंगे। रायपुर नगर निगम और ट्रैफिक विभाग ने डेढ़ दर्जन प्रमुख चौराहों को सुधारने का काम शुरू करा दिया है। चौराहों की दशा सुधारने ▶▶|शेष पेज 13 पर

इन स्थानों का चयन दबाव कम होगा

- आनंद नगर चौक
- अनुपम नगर चौक
- शहीद भगतसिंह चौक
- बंजारी बाबा मजार मोतीबाग चौक
- भारत माता चौक
- भारत माता चौक शंकरनगर
- सिविल लाइंस
- फाफाडीह चौक, जयस्तंभ चौक
- कालीबाड़ी चौक
- खम्हारडीह थाना चौक
- खजाना चौक

खबर संक्षेप

कर्ज वसूली के लिए प्रताड़ना, अपराध दर्ज

रायपुर। कर्ज एवं ब्याज की वसूली के नाम पर महिला को प्रताड़ित करने वाले आरोपियों के खिलाफ मौदहापारा पुलिस ने अपराध दर्ज की है। अब्दुल फरीद की शिकायत पर पुलिस ने असलम उर्फ पप्पा, नफो एवं अन्य के खिलाफ छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज की है। प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी रजिया बेगम ने आरोपियों से 15 प्रतिशत ब्याज पर छह लाख रुपए कर्ज लिया था। आरोपी महिला को कर्ज की रकम चुकाने ब्याज के लिए प्रताड़ित करने के साथ गाली-गलौज करते थे और उसे धमकी देते थे।

पत्नी के हत्यारे को आजीवन कैद की सजा

रायपुर। आरंग थाना क्षेत्र में डेढ़ वर्ष पूर्व पत्नी की हत्या कर शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश शैलेश शर्मा की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक राहुल गुप्ता के अनुसार, कोर्ट ने शेखर साहू को कैद की सजा सुनाई है। उसने 6 जनवरी 2025 को रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह ससुराल वालों को अपनी पत्नी के शौचालय जाने के दौरान गिरने से मौत होने की बात कहते हुए पत्नी का अंतिम संस्कार करने श्मशानघाट ले गया था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने अंतिम संस्कार रुकवाकर महिला का पोस्टमार्टम कराया। पीएम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

कारोबारी का सोना चोरी कारीगर राजस्थान से गिरफ्तार

रायपुर। सराफा कारोबारी का सोना चोरी करने वाले आरोपी को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की सेल ने राजस्थान जोधपुर से गिरफ्तार कर

उसके कब्जे से 40 ग्राम कच्चा सोना जब्त किया है। नंदकिशोर सोनी की शिकायत पर पुलिस ने मूलतः पश्चिम बंगाल निवासी राजू डोलाई को गिरफ्तार किया है। वह नंदकिशोर की एलजी डाई कटिंग की दुकान से 60 ग्राम सोना चोरी कर फरार हो गया था। पुलिस से बचने बार-बार लोकेशन बदल रहा था। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

8 दुकानों और होटल संचालकों पर जुर्माना

रायपुर। नगर निगम जोन-2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग नहीं रखने, बायोमेडिकल वेस्ट बाहर फेंकने और गंदगी फैलाने की शिकायत का स्थल पर औचक निरीक्षण किया। जनशिकायतें सही पाए जाने पर 8 दुकानों और होटल संचालकों पर 2780 रुपए ई-जुर्माना वसूला गया। जोन कमिश्नर संतोष पांडेय के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में बाजार क्षेत्र में जनशिकायत के आधार पर कार्यवाही की गई। साथ ही संबंधित दुकानदारों और होटल संचालकों को दोबारा गलती न दोहराने की चेतावनी दी गई।

बैठक से लेकर वार्ड के कामकाज तक में रहा दखल, अब नहीं कर पाएंगे

राजधानी के 70 वार्डों में से 28 में महिला पार्षद 14 वार्ड ऐसे, जहां पार्षद पति संभाल रहे कामकाज

- प्रदेश में अब नहीं चलेगा पार्षद पति का राज
- सरकार ने रिश्तेदारों को प्रतिनिधि बनाने पर लगाई रोक
- नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रतिनिधि नामांकन से जुड़े नियमों में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में अब पार्षद पति का राज नहीं चलेगा। महिला पार्षद के नाम पर पति, परिवार के सदस्य या करीबी रिश्तेदार प्रतिनिधि एवं समन्वयक नहीं बन सकेंगे। राज्य शासन के नगरीय निकायों महिला जनप्रतिनिधि की जगह परिवार के सदस्यों की भूमिका पर रोक लगा दी है। प्रदेश के सबसे बड़े नगरीय निकाय रायपुर निगम के 70 वार्डों में से 28 वार्ड ऐसे हैं, जहां इस बार नगरीय निकाय चुनाव में जनता के बीच से 28 महिला ▶▶|शेष पेज 13 पर

नए नियम उचित नहीं : सत्यनारायण-जयश्री नायक

महामाया मंदिर वार्ड पार्षद और नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष जयश्री नायक के पति और पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण नायक का कहना है, यह नियम व्यावहारिक रूप से उचित नहीं है। वार्ड पार्षद के रूप में महिला पार्षद ही मीटिंग में बैठती हैं, जोन दफ्तर भी जाती हैं, पर उन्हें घर-गृहस्थी के लिए भी समय देना पड़ता है। वार्ड में बिजली, सफाई, पानी और नाली की समस्या के लिए एक पार्षद को सुबह से लेकर देर रात तक जनता के बीच जाकर काम करना पड़ता है, ऐसे में महिला प्रतिनिधि के कार्य में यदि उनका पति या पार्षद प्रतिनिधि सहयोग करता है तो इसमें ▶▶|शेष पेज 13 पर

छत्तीसगढ़ में 'प्रॉक्सी' व्यवस्था पर शिकंजा, पंचायतों में पहले से निर्देश

पंचायतों के बाद निगम और पालिकाओं में पतियों पर चला डंडा, बैठक में पहुंचे तो होगा तगड़ा एक्शन

महिलाओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य

'सरपंच पति' का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा

पहले ही उठाया जा चुका है कदम

पूर्व की तरह रहेगा सपोर्ट : प्रमोद-साधना साहू

पूर्व जोन अध्यक्ष और जोन-3 के अध्यक्ष साधना साहू के पति डॉ. प्रमोद साहू का स्पष्ट कहना है, एक सहयोगी की तरह वे काम करते हैं। फील्ड में जनता से जुड़े कार्य में अनुभव होने के कारण सहयोग करने में कोई हर्ज नहीं है। रही बात मीटिंग और जोन में बैठक की तो इसमें महिला पार्षद व जोन अध्यक्ष के रूप में पत्नी ही शामिल होती हैं। चूंकि उन्हें घर और परिवार दोनों में सामंजस्य बिठाकर काम करना होता है, इसलिए पत्नी की हौसला-अफजाई में सहयोग करते हैं।

वार्ड में करते हैं काम, मीटिंग में दखल नहीं : जयंत-रेणु साहू

लालबहादुर शास्त्री वार्ड की पार्षद रेणु साहू के प्रतिनिधि जयंत साहू का कहना है कि चूंकि वे पहले भी जनसेवा के कार्य में जुड़े रहे हैं। इसलिए अपनी पत्नी के पार्षद बनने के बाद भी वार्ड में जनता की मूलभूत सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। महिला पार्षद के रूप में रेणु ही मीटिंग में जाती हैं। सामान्य सभा की बैठक में जनहित के मुद्दे उठाने में पीछे नहीं हटतीं। इसलिए उनकी हौसला-अफजाई करने और आने-जाने ▶▶|शेष पेज 13 पर

बाहर निकलने पर सहयोग करते हैं : संतोष-संजना हियाल

सिविल लाइंस वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य संजना हियाल के वार्ड प्रतिनिधि और पति संतोष हियाल का मानना है कि महिलाओं को एक साथ दोहरी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है, ऐसे में उनका सहयोग करते हैं, इसमें दिक्कत क्या है? एमआईसी बैठक, जोन बैठक और सामान्य सभा में निर्वाचित पार्षद के रूप में संजना ही जाती हैं, इसमें मेरा कोई दखल नहीं रहता, पर वार्ड की समस्याओं और जनता से जुड़े कार्यों में मार्गदर्शन करने में मैं नहीं हिचकता।

व्यावहारिक नहीं हैं नए नियम : तिलक-सुषमा साहू

कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड पार्षद सुषमा साहू के वार्ड प्रतिनिधि और पति तिलक साहू का कहना है, नए नियम व्यावहारिक नहीं हैं। वार्ड में कई तरह की समस्याएं होती हैं, जहां एक महिला पार्षद को काम करने में दिक्कत आती है, इसमें एक पार्षद पति उनका सहयोग करता है तो समस्या सहजता से सुलझती है। आम जनता को अपने कार्य से मतलब है। कई इलाके ऐसे हैं, जहां ▶▶|शेष पेज 13 पर

इस बार भी दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में रहेगा भारी बारिश का असर

कल से झमाझम की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार से सक्रिय होने वाली मौसम तंत्रिका का प्रभाव दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में रहने की उम्मीद है। सोमवार को मानसून की गतिविधि प्रदेश में कम रही और शहर में दोपहर बाद खंड वर्षा का माहौल बना रहा है। शहर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री के करीब रहा। दो दिन पहले तक जोरदार तरीके से बरसात होने के बाद राज्य में अंतर केवल 6 प्रतिशत का रह गया है।

- सोमवार को शहर में हुई खंड वर्षा, तापमान भी 32 डिग्री रहा

अगस्त महीने में सक्रिय होने वाला दूसरा सिस्टम बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को भारी बरसात की वजह बनेगा। माना जा रहा है कि उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना यह सिस्टम 12 अगस्त को निम्नदाब का रूप धरेगा और दक्षिण तथा मध्य छत्तीसगढ़ में अपना असर दिखाएगा। इससे कई इलाकों में भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना बन रही है। हालांकि सोमवार को प्रदेश का मौसम सामान्य तरीके से बीता। कुछेक इलाकों में भारी बारिश जैसी स्थिति बनी। राजधानी में सुबह से बादल छाए रहे और कुछ अंतराल में फुहार जैसी स्थिति बनती रही।

प्रश्नपत्र में छाप दिया अडानी का लोगो, 10वीं-12वीं के यूनिट टेस्ट रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

10वीं-12वीं कक्षा के प्रश्नपत्र में जिला शिक्षा कार्यालय ने अडानी का लोगो लगा दिया। प्रश्नपत्र बंटने से पहले ही यह गलती जिला शिक्षा कार्यालय के संज्ञान में आ गई और पर्चे रद्द कर दिए गए है। छात्रों को नई तिथि भी दे दी गई है। मामला 10वीं-12वीं के अगस्त माह के यूनिट टेस्ट का है। जिले में मिशन उत्कर्ष चलाया जा रहा है। यह इस अभियान का दूसरा वर्ष है। इसके अंतर्गत दसवीं-बारहवीं कक्षा में तिमाही और छमाही परीक्षाओं के साथ-साथ मासिक रूप से यूनिट टेस्ट भी लिए जाते हैं।

इन यूनिट टेस्ट के प्रश्नपत्रों की छपाई भी जिला स्तर पर ही होती है। जिला शिक्षा कार्यालय से इन्हें ब्लॉक स्तर पर भेजा जाता है, जहां से विद्यालय प्रश्नपत्र ले जाते हैं। अगस्त माह का यूनिट बीते सप्ताह ही प्रारंभ कर दिया गया था। शनिवार की परीक्षाएं रद्द की गई हैं। शनिवार की परीक्षाएं सोमवार को आयोजित की गईं, जबकि सोमवार को आयोजित की जाने वाली परीक्षा मंगलवार को ली जाएगी।

- मिशन उत्कर्ष के अंतर्गत प्रत्येक माह आयोजित किया जा रहा है यूनिट टेस्ट
- जिले में अभियान का यह दूसरा वर्ष, प्रश्नपत्र लेने पहुंचे शिक्षकों को लौटाया



एक दिन में दो विषय

यूनिट टेस्ट का पैटर्न तिमाही-छमाही से पृथक होता है। इसमें छात्रों को केवल एक घंटे का ही समय दिया जाता है। प्रश्न भी सीमित संख्या में निर्धारित अध्याय से ही पूछे जाते हैं। एक दिन में दो विषयों की परीक्षाएं ली जाती हैं। शनिवार को दसवीं कक्षा की हिंदी और गणित विषय की परीक्षा ली जानी थी। बारहवीं कक्षा में संकायवार गणित, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र और राजनीति विज्ञान के यूनिट टेस्ट होने थे। प्रश्नपत्र लेने के लिए जब शिक्षक ब्लॉक ऑफिस पहुंचे तब उन्हें प्रश्नपत्र ना होने की बात कहकर लौटा दिया गया। इसके पश्चात यूनिट टेस्ट की नई तिथि जारी की गई।

एनजीओ करती है प्रकाशन

अडानी कंपनी के एनजीओ द्वारा इन प्रश्नपत्रों का प्रकाशन किया जाता है। सूत्रों के अनुसार, तकनीकी त्रुटि के कारण प्रश्नपत्र में अडानी का लोगो आ गया था। प्रश्नपत्र वितरण से पूर्व ही यह गलती सामने आ गई। बोर्ड कक्षाओं के परिणाम सुधारने पिछले सत्र से पूरे जिले में यूनिट टेस्ट समान प्रश्नपत्र लिए जा रहे हैं। स्कूलों को छात्रों द्वारा यूनिट टेस्ट में प्राप्त अंक अपलोड करने होते हैं। इसके आधार पर ही परीक्षा संबंधित रणनीति जिला शिक्षा कार्यालय तैयार करता है।

राजस्थान के ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर से 20 लाख की एमडीएमए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा गंज थाने की पुलिस ने राजस्थान के एक ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लाख रुपए कीमत की 106 ग्राम सिंथेटिक ड्रग एमडीएमए जब्त की है। पुलिस ने जिस तस्कर को ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है, वह इंस्टाग्राम के माध्यम से एक ग्राहक से संपर्क कर यहां ड्रग खपाने के लिए ▶▶|शेष पेज 13 पर

- इंस्टाग्राम से संपर्क कर ग्राहक को माल खपाने आया था

ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी, सात किलो चांदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावतपुरा फेस-2 स्थित एक ज्वेलरी शॉप को चोरों ने निशाना बनाते हुए दुकान में सेंध लगाकर सात से आठ किलो चांदी, छह से सात ग्राम सोने के जेवर तथा कैश 22 हजार रुपए चोरी कर ले गए। घटना रविवार देर रात दो से ढाई बजे के बीच बताई जा रही है। जिस ज्वेलरी शॉप में चोरी हुई है, उस दुकान के मालिक ने डेढ़ से दो माह पूर्व अपनी दुकान शिफ्ट की थी। दुकान में सीसीटीवी नहीं होने की वजह से पुलिस को मौके ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रावतपुरा फेस-2 में रविवार देर रात की घटना
- कारोबारी ने दो माह पूर्व दुकान शिफ्ट की थी

एक ईंट की दीवार को हथौड़ा मारकर तोड़ा

जिस दुकान में ज्वेलरी शॉप संचालित की जा रही थी, उस दुकान की दीवार महज एक ईंट से खड़ी की गई है। दीवार के बाहरी हिस्से में सीमेंट से प्लास्टर तक नहीं किया गया है। इसका फायदा उठाते हुए चोरों ने दीवार को हथौड़े से बड़ी आसानी से तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे जेवर, नकदी चोरी कर फरार हो गए।

रेकी करने के बाद चोरी

घटनास्थल के निरीक्षण के बाद पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि चोरों ने दुकान की पहले रेकी की है, उसके बाद पूरी प्लानिंग के साथ चोरी करने के लिए पहुंचे थे। घटनास्थल के पास हथौड़ा मिलने से पुलिस आशंका व्यक्त कर रही है कि चोरों को पहले से पता था कि दुकान की दीवार एक ईंट के लेवल से खड़ी की गई है, इसलिए चोर दीवार तोड़ने साथ में हथौड़ा लेकर आए थे।

हार्ट-चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने किया सफल ऑपरेशन

20 दिन में फेफड़े की 9 सर्जरी, 15 साल से लेकर 70 साल के मरीजों को मिला जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में संचालित हार्ट-चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने 20 दिन में फेफड़े से संबंधित 9 मरीजों की सफलतापूर्वक सर्जरी करने का कमाल दिखाया है। इसमें 15 साल के किशोर समेत 70 साल का वृद्ध मरीज भी शामिल है। चिकित्सकों के मुताबिक, यह संक्रमण ज्यादातर टीबी वाले मरीजों अथवा कम इम्युनिटी वाले मरीजों को होता है। दावा यह भी है कि किसी निजी हास्पिटल में कम अवधि में इतने ऑपरेशन संभव नहीं होते।

सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के मुताबिक, इनमें दो आपातकालीन सर्जरी ऐसे मरीजों

की हुई, जिन्हें खांसी के साथ अत्यधिक रक्तस्त्राव (हेमोप्टाइसिस) हो रहा था। आधुनिक तकनीक और एडवांस्ड लंग स्टेपलर की मदद से इन जटिल सर्जरी को पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में लोबेक्टॉमी (फेफड़े की) सर्जरी का प्रमुख कारण फेफड़े में एस्परजिलोमा एवं ब्रोन्किएक्टैसिस है। यह एस्परजिलोमा एक फंगस एस्परजिलस नाइजर से होता है। यह इंफेक्शन फेफड़े के टीबी वाले मरीजों या ऐसे मरीजों को होता है, जिनकी इम्युनिटी बहुत ही कम हो जाती है।

ऑपरेशन की इस प्रक्रिया में मरीज के क्षतिग्रस्त फेफड़े के एक हिस्से को निकाल दिया जाता है। फेफड़े के सर्वाधिक ऑपरेशन छत्तीसगढ़ में केवल आंबेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में होते हैं। चिकित्सकों के अनुसार, सीटीवीएस विभाग में बड़ी संख्या में लोबेक्टॉमी सर्जरी की जाती है। यहां छत्तीसगढ़ ही नहीं, पड़ोसी राज्य बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के मरीज भी इलाज के लिए आते हैं।

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत उपचार

इलाज के लिए आने वाले तमाम मरीजों का ऑपरेशन आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत निशुल्क किया गया। आधुनिक स्टेपलर प्रयोग करने से फेफड़े के ऑपरेशन के बाद होने वाले कॉम्पलिकेशन, जैसे कि ब्रोन्कोप्लूरलफिस्टुला में बहुत ही कमी आ जाती है। सामान्यतः 6-8 दिनों बाद मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया जाता है।

मेरी शान तिरंगा है...

रायपुर। राजधानी रायपुर सोमवार को पूरी तरह तिरंगे के रंग में रंगी नजर आई। भाजपा की तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा समेत कई मंत्री और विधायक भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ इंडोर स्टेडियम से हुआ। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं हाथ में तिरंगा थामकर जनसैलाब के साथ कदम से कदम मिलाया।

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति का संकल्प

रायपुर। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टाटीबंध आदर्श स्कूल के हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के बीच "स्वस्थ युवा-सशक्त भारत" विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान के दौरान तंबाकू, गुटखा, शराब, गांजा, नशीली दवाओं एवं अन्य मादक पदार्थों एवं मोबाइल एडिक्शन के शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को खेल, योग, अध्ययन, रचनात्मक गतिविधियों, कला एवं सकारात्मक संगति को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संगी मितान नशामुक्ति केंद्र की वक्ता अध्यक्ष ममता शर्मा ने विद्यार्थियों को समझाया कि नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा, दोस्तों के दबाव, तनाव या गलत संगति से होती है। इसलिए किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ को पहली बार ही "ना" कहना सबसे सुरक्षित कदम है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे अपने मित्रों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें और किसी व्यक्ति के नशे की समस्या से जूझने पर उसका मजाक उड़ाने के बजाय उसे उपचार एवं सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

मनतृप्त कौर को मिला 21 हजार का चेक

रायपुर। सिखों की राष्ट्रीय संस्था अकाल पुरख की फौज द्वारा सिखों के इतिहास, गुरुओं के उपदेशों और साहसिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें मनतृप्त कौर संधू को राष्ट्र में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें 21 हजार का चेक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गुरमुख सिंह होरा पूर्व विधायक धमतरी, बलदेव सिंह भाटिया, परविंदर सिंह भाटिया, जगजीत सिंह खनूजा और सभी गुरुद्वारे के प्रमुख उपस्थित रहे।

विमतारा भवन में 160 शिक्षकों को किया सम्मानित

रायपुर। शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा विमतारा भवन में आयोजित शिक्षादीप सम्मान समारोह के माध्यम से एक सौ साठ गुरुजनों का सम्मान किया गया। शिक्षा के विविध आयामों में सक्रिय प्रबुद्धजनों को भी सम्मान किया गया। साथ ही अलग-अलग विधाओं में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही करियर काउंसलर, पैरेंटिंग कोच, प्रतियोगी परीक्षाओं के कोच भी सम्मानित किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि केपीएस ग्रुप के कार्यकारी निदेशक आशुतोष त्रिपाठी, कार्यक्रम अध्यक्ष रंजन बेन शाह, विशिष्ट अतिथि कर्नल जेएस कक्कड़ व छग प्रायवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता थे।

अधिकारी-कर्मचारियों के रिटायरमेंट के बाद नहीं हो रही भर्ती

रोजगार देने वाले विभाग में ही भर्ती नहीं 377 में 199 अधिकारी-कर्मचारी ही कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

बेरोजगारों को रोजगार एवं अवसर दिलाने वाले रोजगार कार्यालय में ही लंबे समय से रिक्त पदों पर न तो नियमित भर्तियां हो रही हैं और न ही नए नए पद भरे जा रहे हैं, जिसका असर विभाग के कामकाज पर भी पड़ रहा है। विभागीय सूत्रों से मिले आंकड़ों के अनुसार प्रदेशभर में रोजगार कार्यालयों में स्वीकृत अधिकारी-कर्मचारियों के कुल 377 पद हैं। इनमें वर्तमान में 199 अधिकारी-कर्मचारी ही कार्यरत हैं, वहीं 178 पद रिक्त हैं। ये सभी रिक्त पद पहले भरे हुए थे, जो अधिकारी-कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद से खाली पड़े हैं। वहीं कईयों को दूसरे विभागों में ट्रांसफर कर दिया गया है।

रिटायरमेंट के बाद नहीं हो रही भर्ती

रायपुर सहित प्रदेश के अनेक जिलों के रोजगार कार्यालयों में पिछले कई वर्षों से पद लगातार कम होते जा रहे हैं। इसका कारण इन कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के रिटायरमेंट के बाद उनके स्थान पर भर्ती नहीं की जा रही है और न ही नए पद निकाले जा रहे हैं। कई जिला कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को दूसरे विभागों में ट्रांसफर कर दिया गया है, जिसके कारण रोजगार कार्यालयों में स्टॉफ की भारी कमी है।

रोजगार कार्यालयों में स्वीकृत एवं रिक्त पद

पद	स्वीकृत	रिक्त
प्रथम श्रेणी राजपत्रित	13	05
द्वितीय श्रेणी राजपत्रित	36	15
तृतीय श्रेणी गैर राजपत्रित	220	107
चतुर्थ श्रेणी	108	51

उपसंचालकों को जिला अधिकारी का प्रभार

रोजगार कार्यालयों में जिला अधिकारियों के पदों पर भर्ती नहीं किए जाने के कारण अब उपसंचालक स्तर के अधिकारियों को जिला अधिकारियों के पद पर पदस्थ किया जा रहा है। कुछ जिले ऐसे भी हैं, जहां एक अधिकारी को दो जिलों की जिम्मेदारी सौंपी 0.मेला कैंप पर भी पड़ने लगा है। पहले की तुलना में मेला कैंप कम आयोजित हो रहे है, जबकि राज्य में बेरोजगारी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

अतिरिक्त प्रभार मिलने से वर्कलोड बढ़ा

रोजगार कार्यालयों में एक अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के कारण उनका वर्कलोड भी बढ़ गया है। कुछ अधिकारियों को तो दो जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उदाहरण जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारी के रिटायर होने के बाद शासन ने विशेष दिव्यांग रोजगार कार्यालय की उपसंचालक को रायपुर के साथ महासमुंद जिला रोजगार कार्यालय की जिम्मेदारी भी सौंप दी है। इस तरह एक अधिकारी अब दो जिलों के साथ खुद के विभाग को भी संभाले हुए है।

स्टॉफ की कमी का असर कामकाज पर

रोजगार कार्यालयों में स्टॉफ की कमी से विभागीय कामकाज भी प्रभावित होने लगा है। ई-आफिस होने से सभी कार्य ऑनलाइन हो रहे हैं, लेकिन स्टॉफ की कमी के कारण कार्यालयों में योजनाओं का क्रियान्वयन धीमा हो गया है, जिसके कारण युवाओं को समय पर नौकरी की सूचना या प्लेसमेंट ड्राइव का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस तरह युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधा आ रही है। आधुनिक डिजिटल पोर्टल के दौर में पारंपरिक रोजगार कार्यालयों की सक्रियता घटने से युवाओं में निराशा बढ़ती जा रही है।

केंद्रीय कैबिनेट सचिव की मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारत सरकार के कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन ने सोमवार को देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिफॉर्म (सुधार) एवं सुधारात्मक उपायों को लेकर चर्चा की। बैठक में राज्यों से प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने राज्य की ओर से विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

■ सीएस विकासशील ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

प्रदेश के मुख्य सचिव विकासशील ने रिफार्म्स के लिए सुझाव देने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। बैठक में देश के अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों ने भी अपने-अपने राज्यों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान राज्यों में सुधारों को गति देने, प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने तथा विभिन्न प्रक्रियाओं के सरलीकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय सचिव डॉ. टीवी. सोमनाथन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में केंद्र शासन के विभिन्न विभागों के सचिव भी शामिल हुए। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच समन्वय को मजबूत करते हुए सुधारात्मक उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी अक्टूबर माह से दिसंबर तक देशभर में रिफार्म उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें जनता से भी विभिन्न माध्यमों से सुझाव लिए जायेंगे।

रायपुर, दुर्ग में सबसे अधिक आवेदन

सेवा सेतु में 47.40 लाख आवेदन, 1.62 लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक सेवा सेतु पोर्टल राज्य में उन लोगों के लिए मददगार बना है, जो ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर घर बैठे सरकारी सेवाओं का लाभ लेना चाहते हैं। राज्य में अप्रैल से अब तक 47 लाख 40 हजार लोगों के आवेदन इस बात का प्रमाण हैं कि सामान्य लोगों का इस सरकारी सुविधा पर भरोसा बढ़ा है। खास बात ये है कि राज्य के 37 विभागों के माध्यम से 708 प्रकार की सेवाएं इस पोर्टल से मिल रही हैं। इसके लिए प्रदेशभर में 17 हजार 134 केंद्र काम कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार के सेवा सेतु पोर्टल पर दर्ज आवेदनों के जिलेवार आंकड़े बताते हैं कि राज्य में बड़ी संख्या में सरकारी सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 33 जिलों में कुल 47 लाख 40 हजार 337 आवेदन दर्ज हुए हैं। इनमें से 42 लाख 34 हजार 306 आवेदन

मंजूर किए गए हैं, जबकि 3 लाख 16 हजार 549 आवेदन अस्वीकृत हुए हैं। करीब 1 लाख 61 हजार 791 आवेदन अभी लंबित हैं। हालांकि लंबित आवेदनों की पूरी संख्या को प्रशासनिक देरी नहीं माना जा सकता। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लंबित मामलों में से 1 लाख 60 हजार 444 आवेदन निर्धारित समयसीमा के भीतर हैं, जबकि 1,347 आवेदन समयसीमा बीत जाने के बाद भी लंबित हैं, यानी कुल लंबित मामलों में समयसीमा पार करने वाले आवेदनों की हिस्सेदारी करीब 0.83 प्रतिशत है।

रायपुर में सबसे ज्यादा आवेदन

राज्य की राजधानी रायपुर में सबसे ज्यादा 3 लाख 32 हजार 782 आवेदन दर्ज हुए हैं। इनमें 2 लाख 92 हजार 69 आवेदन मंजूर किए गए, जबकि 31,687 आवेदन अस्वीकृत और 6,767 आवेदन लंबित हैं। रायपुर में समयसीमा के बाद लंबित मामलों की संख्या 43 है। आवेदनों की संख्या के लिहाज से रायपुर के बाद दुर्ग में 2 लाख 95 हजार 889, बिलासपुर में 2 लाख 42 हजार 886, बलौदा बाजार-भाटापारा में 2 लाख 31 हजार 197, राजनांदगांव में 2 लाख 22 हजार 501 और जांजगीर-चांपा में 2 लाख 22 हजार 152 आवेदन दर्ज हुए हैं।

बीजापुर में मंजूरी की दर सबसे ज्यादा

मंजूर आवेदनों के अनुपात को देखें तो बीजापुर सबसे आगे है। यहां 83,862 आवेदनों में से 81,279 यानी करीब 96.9 प्रतिशत आवेदन मंजूर हुए हैं। सुकमा में मंजूरी की दर करीब 93.1 प्रतिशत, रायगढ़ में 92.8 प्रतिशत और बलरामपुर में 92.7 प्रतिशत रही।इसके विपरीत कुछ जिलों में अस्वीकृत आवेदनों की संख्या भी उल्लेखनीय है। रायपुर में 31,687, महासमुंद में 18,911, दुर्ग में 21,776, कोंडागांव में 17,747 और बिलासपुर में 17,780 आवेदन अस्वीकृत दर्ज किए गए हैं।

तिरंगा यात्रा पर भूपेश बोले- जो कहती है, उसके विपरीत चलती है भाजपा

रायपुर। तिरंगा यात्रा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 52 साल तक आरएसएस कार्यालय में तिरंगा झंडा नहीं फहराया गया। छत्तीसगढ़ में बीजेपी तिरंगा यात्रा निकाल रही है। बीजेपी जो कहती है, उसके विपरीत चलती है। मोदीजी ने कहा था, देश नहीं बिकने दूंगा, आज देश बिक रहा है, यह क्षद्म राष्ट्रवाद है। राम नाम जपना पराया माल अपना, अब तो रामजी को भी नहीं छोड़ रहे हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर पूर्व सीएम श्री बघेल ने कहा, कानून व्यवस्था का हाल बेहाल है। एक सप्ताह में 6-6 हत्याएं हो रही हैं। एक ही युवती से दो बार गैंगरेप हो रहा है। गृहमंत्री का ध्यान पंचायत की ओर है। अब गांवों में टैक्स लेने का फरमान जारी हुआ है। एक हजार रुपए क्या दिए, उसके बदले वसूली शुरू कर दिए। स्वामी आत्मानंद स्कूल में अब विद्यार्थियों को फीस देनी पड़ रही है।

आरएसएस आदिवासी समाज की संस्कृति और अस्मिता को अलग पहचान देने के पक्ष में नहीं

दीपक बैज ने कहा- सत्ता में आते ही आदिवासियों को भूल गई सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा और आरएसएस पर आदिवासी समाज की संस्कृति और पहचान को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 9 अगस्त को पूरी दुनिया में आदिवासी दिवस मनाया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा के किसी नेता, यहां तक कि आदिवासी नेताओं की ओर से भी समाज को बधाई नहीं दी गई।

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री की ओर से भी आदिवासी समाज के लिए कोई बधाई संदेश नहीं आया। उन्होंने दावा किया कि 2023 से पहले भाजपा के नेता भी विश्व आदिवासी दिवस पर शुभकामनाएं देते थे, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। आरएसएस आदिवासियों को वनवासी बनाना चाहती है।

दीपक बैज ने आरोप लगाया कि आरएसएस आदिवासी समाज की संस्कृति और अस्मिता को अलग पहचान देने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा, आदिवासी दिवस दुनिया के सामने आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और पहचान को सामने रखने का अवसर है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस आदिवासियों को 'वनवासी' कहकर उनकी अलग सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करना चाहती है। आदिवासी समाज की अपनी स्वतंत्र संस्कृति और सभ्यता है, जिसे सम्मान दिया जाना चाहिए।

आदिवासी समाज को पिछलग्गू बनाए रखना चाहती है भाजपा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी समाज देश की महत्वपूर्ण आबादी है और उसकी संस्कृति, परंपरा और अस्मिता का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस आदिवासी समाज को मुख्यधारा में बराबरी का स्थान देने के बजाय उसे पिछलग्गू बनाकर रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल शुभकामना देने का दिन नहीं, बल्कि आदिवासी अधिकारों, संस्कृति और पहचान पर बात करने का अवसर भी है। भाजपा सरकार द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर सरकारी कार्यक्रम नहीं आयोजित करने तथा विश्व आदिवासी दिवस के विरोध को कांग्रेस ने आदिवासी समाज का अपमान बताया। 11 अगस्त को प्रदेश के 15 आदिवासी जिलों में कांग्रेस के आदिवासी नेता विरोध में पत्रकारवार्ता करेंगे ।

राज्य सरकार ने इस साल बदला नियम, पिछले साल थी छूट

82 मंदिर और धार्मिक संस्थानों में कैसे होगा एग्रीस्टैक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार किसानों की यूनिक फार्मर आईडी बनाने और डिजिटल पहचान स्थापित करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों और सहकारी समितियों में विशेष एग्रीस्टैक पंजीयन शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में पटवारी, कृषि विभाग के अधिकारी और ऑपरेटर मौजूद रहते हैं। राज्य सरकार के द्वारा ऐसे कृषक जिनकी जमीन शामिलात खाते में हैं, उन्हें अलग-अलग पंजीयन एग्रीस्टैक में कराना है। वहीं राज्य शासन ने इसी प्रकार सार्वजनिक न्यास मंदिरों की कृषि भूमि के लिए भी पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। जिले की जारी सूची में 82 मंदिर और धार्मिक संस्थान हैं, जिनका आधारकार्ड नहीं होने के कारण एग्रीस्टैक पंजीयन कराने में दिक्कत आ रही है। जिले के सार्वजनिक न्यास के 288 किसानों की सूची में 82 मंदिरों और धार्मिक संस्थानों की कृषि भूमि, खेती की जमीन के एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए कठिनाई आ रही है। वहीं अन्य ट्रस्ट, जिनमें प्राइवेट और अन्य संस्थाओं का एग्रीस्टेक पंजीयन आसानी से हो सकता है। रायपुर जिले में 288 से अधिक सार्वजनिक न्यास की कृषि जमीनों पर खेती होती है। प्रमुख मंदिर जिनके पास कई एकड़ कृषि जमीन में खेती होती है उनमें दुधाधारी मठ, श्रीराजराजेश्वरी माँ महामायादेवी मंदिर, जैतु साव मठ श्रीठाकुर रामचंद्रजी स्वामी, नागरीदास मंदिर, श्रीरामचंद्रजी स्वामी नागरीदास मंदिर न्यास सहित कई संस्थाओं की जमीन पर खेती होती है। सूची में कई प्राथमिक स्कूलों, बिल्डर, सहकारी समिति और समितियों के नाम कृषि जमीन हैं, उसे शामिल किया गया है। इन संस्थाओं ने पहले सहकारी समितियों में धान की बिक्री की है।

रायपुर जिले की सूची में 82 मंदिर

सबसे अधिक मंदिर/धार्मिक संस्थान 82, स्कूल व शैक्षणिक संस्थान 52, बिल्डर/डेवलपर/रियल एस्टेट से जुड़े लोग 47, सहकारी समितियां 2, सूची में शामिल 105 प्रविष्टियां अन्य संस्थाओं की हैं, जिनमें कंपनियां, ट्रस्ट, सामाजिक संस्थाएं, कृषि संस्थाएं, उद्योग, अस्पताल, राइस मिल आदि शामिल हैं।

सार्वजनिक न्यास मंदिरों के पंजीयन में दिक्कत

सार्वजनिक न्यास मंदिरों की कृषि भूमि को भी पंजीयन करने में परेशानी हो रही है। एग्रीस्टैक में पंजीयन के समय आधारकार्ड मांगा जा रहा है। मंदिरों के नाम से पैनकार्ड होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जा रहा है और आधारकार्ड न होने के कारण पंजीयन नहीं हो रहा है।

एग्रीस्टैक पंजीयन नहीं कराने पर हो सकती हैं ये असुविधाएं

समय पर एग्रीस्टैक पंजीयन नहीं कराने पर भविष्य में धान खरीदी, किसान पंजीयन, डिजिटल कृषि सेवाओं तथा किसान रजिस्ट्री आधारित शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। एग्रीस्टैक पंजीयन से कृषि योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल होगी। धान खरीदी सहित किसान रजिस्ट्री आधारित प्रक्रियाओं में सुविधा मिलेगी। भूमि एवं कृषि संबंधी जानकारी का प्रमाणित डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा।

खबर संक्षेप

आंगनबाड़ी में पौधारोपण मनाया स्तनपान दिवस

आरंग। आरंग विकासखंड के सेक्टर सेमरिया अंतर्गत ग्राम तुलमी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 03 में वृहद् पौधारोपण एवं स्तनपान दिवस, गोदभराई के कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पालकों, गर्भवती माताओं एवं धात्री माताओं सहित ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर स्तनपान के महत्व एवं सही तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा डेमो के माध्यम से माताओं को स्तनपान कराने की उचित विधि समझाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच गिरधर साहू, उपसरपंच टीकलेश मार्कण्ड, सचिव एवं सभी पंचगण, मितानिन समूह की सदस्याएं एवं आंगनबाड़ी से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रायपुर की तिरंगा यात्रा में सिन्हा ने लिया भाग

सिलयारी। रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी सहित अनेक प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित भव्य 'तिरंगा यात्रा' में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि "तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान ने देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत किया है। आज रायपुर में निकली यह भव्य तिरंगा यात्रा इस बात का प्रमाण है कि देश का हर नागरिक राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व और गौरव को लेकर सजग है।"

दिव्यांग भवन के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग

आरंग। सोमवार को अमर ज्योति दिव्यांग कल्याण संघ, आरंग के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अभिलाषा पैकरा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की कि वार्ड क्र. 3, खमतराई रोड, आरंग में नगर पालिका परिषद द्वारा 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित दिव्यांग भवन का अधूरा कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भवन का निर्माण तो हो चुका है, लेकिन गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की है। शौचालयों में टॉयलेट सीट नहीं लगी है। और भवन में कई अन्य कमियां हैं। इसके कारण दिव्यांगजनों को भवन का उपयोग करने में भारी असुविधा हो रही है। संघ ने कहा कि इस संबंध में पहले भी नगर पालिका के अध्यक्ष को ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

पार्थिव शिवलिंग पूजा के साथ सावन उत्सव संपन्न

आरंग। सावन के पवित्र महीने के अवसर पर गुप्ता समाज महिला मंडल, आरंग द्वारा भव्य एवं भक्तिमय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को स्थानीय श्री राधा-कृष्ण मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं विशेष पूजा-अर्चना का कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। यह पूरा आयोजन अत्यंत भक्तिमय, आनंदमय एवं हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में गुप्ता समाज महिला मंडल की समस्त सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी महिलाओं ने विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना की एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की गहरी श्रद्धा, उत्साह और आपसी एकता ने इस आयोजन को और भी दिव्य एवं विशेष बना दिया।

राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण आस्था से खिलवाड़ करने वालों को कभी माफ नहीं करेंगे

स्मार्ट मीटर हटाओ - पुराना मीटर लगाओ अभियान में कांग्रेस ने भरवाए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏩ मंदिर हसौद

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा चलाए जा रहे "स्मार्ट मीटर हटाओ–पुराना मीटर लगाओ" जनआवेदन अभियान के तहत भानसोज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांव में घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से जनआवेदन भरवाए। इस दौरान ग्रामीणों को स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितता एवं चोरी के आरोपों की जानकारी भी दी गई। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंडल कांग्रेस कमेटी भानसोज में बैठक की। बैठक के बाद गांव में भ्रमण कर घर-घर पहुंचकर स्मार्ट मीटर हटाने एवं पुराने मीटर लगाए जाने की मांग को लेकर जनआवेदन भरवाए गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जब गांव में जनआवेदन भरवाने पहुंचते हैं तो आम जनता स्वयं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पास आकर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की।

आस्था के साथ खिलवाड़ पर जनता में आक्रोश

अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित चोरी एवं अनियमितताओं के आरोपों की जानकारी दी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है और मंदिर में आने वाले चढ़ावे एवं दान की राशि का पारदर्शी हिसाब जनता के सामने होना चाहिए। मामले में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए।

इस अवसर पर मंडल कांग्रेस कमेटी भानसोज के अध्यक्ष हरि बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष थान सिंह साहू, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के सचिव प्रवीण सिंह, ओबीसी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूषण साहू दौलत साहू मोहन साहू, दिलीप कुर्रे राकेश मिश्रा हिरेश चंद्राकर बिसहत साहू राधेश्याम किशन साहू कृष्ण कुमार नारायण यादव शुकुल राम यादव दौलत राम साहू संजय चंद्राकर उपसरपंच भानसोज भगत लहरी राजेश बंजारे इंद्र कुमार निर्मलकर राकेश निर्मलकर उमेश निर्मलकर ओमप्रकाश साहू महेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

व्यापक जन समर्थन मिल रहा : ओमप्रकाश

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंदखुरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने कहा कि गांव-गांव में जनता स्मार्ट मीटर को लेकर परेशान है और कांग्रेस के जनआवेदन अभियान को ग्रामीणों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं। राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता या चोरी के आरोप सामने आए हैं तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

अभियान को तेज किया जाएगा : जयंत

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष जयंत साहू ने कहा कि कांग्रेस का यह अभियान केवल स्मार्ट मीटर हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता के अधिकारों और उसकी आवाज को मजबूती से उठाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कार्यकर्ता गांव में फार्म भरवाने पहुंचते हैं तो ग्रामीण स्वयं आगे आकर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग कर रहे हैं।

वामन अवतार और गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का किया जीवंत वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏩ आरंग

ग्राम पंचायत गुखेरा में चौहान परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस आचार्य भेखु प्रसाद तिवारी ने अपने प्रवचन में कहा कि समय के अनंत प्रवाह में जब मनुष्य भौतिकता की अंधी दौड़ में स्वयं को विसरा बैठता है, तब सत्संग की यह पावन कथा अंतःकरण को सींचकर उसे उसके मूल स्रोत से जोड़ने का कार्य करती है। पंचम दिन के इस अनुष्ठान में जब आचार्य ने भगवान विष्णु के वामन अवतार, राजा बलि के समर्पण और गजेंद्र मोक्ष के मर्मस्पर्शी प्रसंगों का जीवंत वर्णन किया, तो उपस्थित जनसमुदाय भौतिक जगत के द्वंद्वों से मुक्त होकर पूर्णतः तल्लीन नजर आया। वामन रूप में भगवान द्वारा तीन पग में तीनों लोकों को नापने की कथा केवल एक पौराणिक प्रसंग नहीं, बल्कि यह इस नश्वर संसार के अहंकार पर परमात्मा के आधिपत्य और शरणागति के परम सत्य का दार्शनिक दर्शन कराती है। इसके साथ ही, गजेंद्र मोक्ष की कथा यह संदेश देती है, कि जब भक्त अपने अहंकार को त्यागकर संकट की हर बेला में अनंत की शरण में जाता है, तो करुणासिंधु चक्र थामे दौड़े चले आते हैं। कथा के इस वैचारिक और आध्यात्मिक प्रवाह को संगीतमय भजनों ने एक अलौकिक आयाम दिया।

-जब प्रांगण में 'राधे राधे जप लो चले आएंगे बिहारी' और 'गोविंदा आला रे' की स्वर लहरियां गूंजीं, तो पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर होकर झूम उठा। चुन्नीसिंह चौहान, कल्याणी चौहान, शेखर चौहान, माधुरी चौहान, पारिवारिक गण विनोद चौहान, हेमलता चौहान, संतोष चौहान, कविता चौहान, देवेंद्र चौहान, राजेश्री चौहान, संध्या, जीविका, राघव चौहान एवं सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी, उपस्थिति रही।

सीआरपीएफ ने चलाया कठिया में वंदे मातरम गायन अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏩ अभनपुर।

211वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) थनौद के तत्वावधान में कैम्प परिसर के समीपस्थ ग्राम कठिया में हर घर तिरंगा एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना रहा।

ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित मंचीय कार्यक्रम अवसर पर 211वीं वाहिनी के कमाण्डेंट इन चार्ज डॉ. विनोद कुमार टण्डन ने कहा कि तिरंगा केवल देश की पहचान नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता, एकता, अखंडता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करे और देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में अपना योगदान दे। उन्होंने ग्रामीणों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। साथ ही विद्यार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन किया।

इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी प्रज्ञेश कुमार अटल, उप कमाण्डेंट इकबाल अहमद, सहायक कमाण्डेंट अनिल कुमार राय, चिकित्सा अधिकारी डॉ. दैविनैन तपस्विनि सहित बल के जवान, कठिया सरपंच श्रीमती रेखा सूर्यवंशी, सरपंच प्रतिनिधि श्री वेदराम सूर्यवंशी, उप सरपंच श्रीमती खिलेश्वरी जाँगड़े, प्रतिनिधि दिलीप जाँगड़े, प्रधान अध्यापिका श्रीमती जयश्री राठौर, अध्यापक श्रीमती योगिता चंद्रवंशी सहित बटालियन जवान, ग्रामीणजन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मिनी माता की पुण्यतिथि पर आज होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩ मंदिर हसौद

आदर्श ग्राम पंचायत बहनाकाडी में मिनी माता पूण्य स्मृति दिवस 11 अगस्त को सतनाम भजन कलाकार समीति छत्तीसगढ़ राज्य के संरक्षक रंजीत गायकवाड़, मोतीलाल घृतलहरे, संतोष टण्डन, ऋषी कुर्रे, लेखराम घृतलहरे प्रदेश अध्यक्ष संतोष जोशी, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनवानी, महासचिव राजेश बंजारे, कोषाध्यक्ष खेमचंद कुर्रे, मिडिया प्रभारी सुरेश कुर्रे, सनत गिलहरे, राजू संगी, फोटो ग्राफर सुरेश बंजारे, प्रवक्ता धीरज गुरूजी, गैदलाल घृतलहरे चित्र कुमार ढीढी, डॉ राजेश बंजारे, एवं समस्त सतनाम भजन कलाकार परिवार के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि श्री अशोक बंजारे आदर्श ग्राम पंचायत बहनाकाडी सरपंच, उपसरपंच, सचिव तथा समस्त पंचगण, वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे दिप प्रज्वलित कर ममतामई मिनी माता जी की पूण्य स्मृति दिवस पर उनके तैलीय चित्र का पूष्प गुच्छ भेंट कर चंदन लगाकर कार्यक्रम आरंभ कर प्रदेश स्तरीय सतनाम भजन कलाकार साथियों के द्वारा भजन एवं पंथी कीर्तन कर मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ गणमान्य नागरिक के माध्यम से समस्त मानव समाज को ममतामई मिनी माता जी की आदर्श सामाजिक सुधार उनके द्वारा रचनात्मक कार्य तथा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, समाज संगठन, आर्थिक व राजनीतिक पर मूलभूत विकास कार्य में उद्बोधन उपरान्त शिक्षा के क्षेत्र में मेरिट सूची में शामिल छात्र/छात्राओं, महिला समूह के जागरूक महिला एवं समस्त सतनामी समाज के उत्थान में किये गये व्यक्तित्व और सामाजिक वरिष्ठ नागरिकों का मेडल प्रशस्ति पत्र साल श्री फल के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा।

रामकथा के बिना शिव भक्ति अधूरी : पं. छत्रधर

हरिभूमि न्यूज ⏩ आरंग

भगवान शिव व राम में कोई भेद नहीं। राम जी के इष्ट शिव जी हैं, वहीं भूतभावन भोलेनाथ अहर्निश भगवान श्री राम के नाम का सुमिरन करते हैं। उक्त प्रेरक उद्गार भागवत कथावाचक पं. छत्रधर दीवान के हैं।

श्रावणी पर्व पर शिव जी की नगरी आरंग सहित समूचा क्षेत्र शिवमय हो गया है। कहीं कांवड़ यात्रा, कहीं शिव अभिषेक तो कहीं रामकथा द्वारा भूतभावन भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न किया जा रहा है। आचार्य श्री ने कहा कि राम के नाम अनेक होने पर ईश्वर एक है। इस दृष्टि से राम, कृष्ण, शिव, नारायण में तनिक भेद नहीं है। मानस में स्वयं भगवान राम ने कहा कि शिव जी का विरोध करने वाले साधक को मेरी प्राप्ति नहीं हो सकती। इसलिए शिव दरबार में रामकथा की विशेष महिमा है।

किशोर बने सह संयोजक

आरंग। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू समाज संघ द्वारा रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ का नियुक्ति की गई है, जिसमें किशोर कुमार साहू, पूर्व जनपद सदस्य आरंग एवं वर्तमान में जिला मंत्री भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण का दायित्व संभाल रहे ग्राम कुम्हारी निवासी किशोर कुमार साहू को उनकी सक्रियता को देखते हुए सह संयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से समाज के युवा वर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही सह संयोजक, महामंत्री, मीडिया प्रभारी, संगठन सचिव, सोशल मीडिया, संयुक्त सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य का गठन हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू एवं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शशिकांत साहू की अनुशंसा पर रायपुर संभाग संयोजक मनीष साहू द्वारा यह नियुक्ति की गई है। किशोर कुमार साहू ने अपनी नियुक्ति पर समाज के युवाओं को संगठित कर सामाजिक उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने की बात कही है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व एवं संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

सारखी के स्वास्थ्य शिविर में 112 ग्रामीणों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏩ अभनपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा के अंतर्गत ग्राम सारखी में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य जीवनशैली अभियान एवं एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान कुल 112 ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों की नेत्र जांच, रक्तचाप एवं ब्लड शुगर की जांच की। जांच के दौरान 5 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें आवश्यक उपचार एवं आगे की जांच के लिए मार्गदर्शन दिया गया। वहीं शिविर में 52 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाए गए।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित आहार लेने, स्वच्छता बनाए रखने तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने के संबंध में जानकारी दी। आरएमए डीएस नेताम, नेत्र सहायक अधिकारी रोशन लाल साहू, ठाकुर राम सोनवानी, संतोष सेन, रानी साहू, नंदनी साहू, रामेश्वर पटेल सहित मितानिन हेमलता साहू, निर्मला साहू, शकीला बेगम, केजई साहू, कोमलता विश्वकर्मा, कंजन साहू, पार्वती, जानकी सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

आरंग। सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, चरौदा में स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास से मनाने के लिए शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, एसएमसी समिति के सदस्यों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम में बच्चों की भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें बच्चों की आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। साथ ही सभी के लिए मिष्ठान वितरण की व्यवस्था की जाएगी। चबूतरे व स्तंभों की रंग-रोगन की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, नृत्य जैसी प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

मंदिर में रामायण की संगीतमय प्रस्तुति

आरंग। सावन के पवित्र महीने में धर्म नगरी आरंग के पीपलेश्वर पंचमुखी महादेव मंदिर प्रांगण में सावन के दूसरे सोमवार को राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र से जुड़े जय मां दुर्गा रामायण मंडली, करमंदी द्वारा संगीतमय रामचरितमानस गान की भक्तिमय प्रस्तुति दी गई। रमन लाल साहू ने रामायण के पावन प्रसंग नारद मुनि और भगवान शंकर संवाद कथा का व्याख्यान सारगर्भिता और धार्मिकता से श्रद्धालु भक्तजनों में परोसा, जिससे भक्तजन आनंदित हुए। वहीं वाद्य यंत्र कलाकार ऑर्गन एवं भजन

गायक लोकनाथ यादव, तबला बिसहत सेन, पेड संजीव साहू, नाल देवेंद्र यादव एवं मंजीरा राधे यादव ने बखूबी साथ देकर संगीतमय आराधना के माध्यम से भक्तों को भक्तिरस में सराबोर किया। आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन आरंग के गैंदलाल साहू, मनमोहन गुप्ता, कामता पाल, प्रकाश लोधी, अशोक साहू, ओमकार विश्वकर्मा, मानस लोधी, विनोद गुप्ता, सीताराम यादव, शत्रुहन लोधी, प्रकाश लोधी पार्षद एवं खिलावन निषाद इन पदाधिकारी एवं सदस्यगणों द्वारा मानस मंडली करमंदी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में दानदाताओं व मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान

वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती, निकलेगी विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩ आरंग

1857 की क्रांति की महान सेनानायक वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती के उपलक्ष्य में 09 अगस्त को लोधी समाज की एक कार्यकारिणी बैठक का आयोजन लोधी सामुदायिक भवन अवंती चौक में किया गया। इस बैठक में सामाजिक प्रकरणों के अलावा आगामी 16 अगस्त को होने वाले जयंती समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। रूपरेखा के अनुसार जिस पर सामाजिक एकजुटता और सहभागिता से वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर एक विशाल शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा नगर के अवंती चौक से शुरू होकर लोधी पारा, मछली चौक, श्याम बाजार, नेताजी चौक, मेन रोड, शीतला पारा, साहू पारा, केवशी लोधी पारा होते हुए वापस अवंती चौक तक पहुंचेगी।

शोभायात्रा में धुमाल और डीजे के साथ बड़ी संख्या में रायपुर, महासमुन्द, बलौदाबाजार, गरियाबंद, दुर्ग जिले से लोधी समाज के सदस्य भी शामिल रहेंगे।

अवंती चौक स्थित लोधी समाज सामाजिक भवन प्रांगण में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के जीवन परिचय दिया जाएगा एवं अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। इसी के साथ उपस्थित लोग साजाजिक उत्थान, शिक्षा, नारी शक्ति एवं सम्मान, युवा शक्ति का उत्थान, सामाजिक योजनाओं, गतिविधियों और नियमावली की जानकारी पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

-उक्त कार्यक्रम में दानदाताओं का सम्मान एवं उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को माता-पिता या अभिभावकों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। जिनका चयन सार्वजनिक रूप से किया जा चुका है। बैठक के समापन पर सभी सदस्य समाज के हर वर्ग से इस भव्य शोभा यात्रा में सपरिवार शामिल होने की अपील किया ताकि वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस पूरे क्षेत्र में एक उत्सव और प्रेरणा के रूप में मनाया जा सके।

इस बैठक में समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र लोधी, उपाध्यक्ष टुकेश्वर (टिक्कू) लोधी, संरक्षक लक्ष्मीनारायण लोधी, कोषाध्यक्ष शांतिलाल लोधी, सहसचिव कुबेर लोधी, सलाहकारगण सूरज लोधी, भरत लोधी, गजानंद गारुड़िक, इकाई अध्यक्ष-उपाध्यक्षगण अश्वनी लोधी, मनोज लोधी, उपस्थित रहे।

छात्र कैबिनेट का शपथ ग्रहण

आरंग। अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आज छात्र कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसएमडीसी के अध्यक्ष खिलेश धुरंधर, एसएमडीसी सदस्य शंकर जलक्षत्री, महेंद्र सिंह ठाकुर, अनुपनाथ योगी, रेखराज अग्रवाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। अंग्रेजी माध्यम से गरिमा सक्सेना एवं प्रभास साहू हेड गर्ल तथा हेड बॉय बने, जबकि हिंदी माध्यम से बलराम साहू था भावेश गिलहरे क्रमशः शाला नायक एवं उप शाला नायक नियुक्त हुए। छात्र कैबिनेट के सदस्यों को शपथ एसएमडीसी के अध्यक्ष खिलेश धुरंधर द्वारा दिलाई गई। मंच संचालन लोकेश्वर साहू, मनोज वर्मा, विकास पाठक, युवराज मिश्रा, स्मिता रघुवंशी एवं प्रीति साहू आदि व्याख्याताओं द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हिंदी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम दोनों ही विद्यालयों में संयुक्त रूप से किया गया। यह एक सम्मिलित प्रयास था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था के प्रति जागरूकता एवं दक्षता विकसित करना था।

खबर संक्षेप

डीडीनगर में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

रायपुर। दीनदयाल मित्र मंडल के 15वें स्थापना वर्ष के अवसर पर सामुदायिक भवन डीडीनगर में "प्रतिभा सम्मान समारोह" में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मित्रों से पूजन-हवन करके प्रारंभ किया गया। साथ ही प्रतिभाओं का सम्मान उनका उत्साहवर्धन करने के साथ ही नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस कार्यक्रम अमित पांडेय, जिला उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, पार्षद आशीष चंद्रवंशी एवं एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल हरिद्वार, समित कन्नौज, गोविंद यादव, संदीप शर्मा, मोहित पाटिल, मोनू राव, मुकेश देशमुख आदि सदस्य उपस्थित थे।

शब्बीर को पीएचडी

रायपुर। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग ने

शब्बीर जैदी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध का विषय अंग्रेजी साहित्य के टॉपिक द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स एवं मदर मैरी कम्स टू मी था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. जेएस तिवारी के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूरा किया।

बड़े एवं स्टार होटलों में खाद्य विभाग करे निरीक्षण

रायपुर। छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने कहा, छोटे होटलों में जांच करना आसान दिखाई देता है, लेकिन बड़े और प्रभावशाली होटल संचालकों तक खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच टीम क्यों नहीं पहुंचती, यह सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या बड़े और रसूखदार होटल जांच के दायरे से बाहर हैं? खाद्य सुरक्षा विभाग को इस पर स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा, रायपुर के बड़े एवं स्टार होटलों में बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण किया जाए। जांच के दौरान किचन और स्टोर में रखी खाद्य सामग्री, मांस-मछली के रखरखाव, साफ-सफाई तथा खाद्य सुरक्षा लाइसेंस की जांच के साथ खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण भी कराया जाए।

निधन

सतीश जॉन

रायपुर। कटोरा तालाब निवासी सतीश जॉन (69) का 10 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 अगस्त को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से सेंट पॉल प्रभु की वाटिका अरविंद नगर टिकरापारा के लिए निकलेगी। वे अजय जॉन और आदर्श जॉन के चाचा थे।

निजी विश्वविद्यालयों में मेडिकल पाठ्यक्रम की सिफारिश, नियम संशोधन की चर्चा के बीच राज्यपाल तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी विश्वविद्यालयों में मेडिकल पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति और इसके लिए नियम में संशोधन करने की सिफारिश का मामला गरमाने लगा है। विवि अधिनियम-2008 में संशोधन की चर्चा के बीच कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने विरोध में राज्यपाल से शिकायत की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने जून में नियम संशोधन पर स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा था।

करीब तीन साल पहले भी निजी विश्वविद्यालयों में हेल्थ एलाइड साइंस, मेडिसिन, सर्जरी सहित मेडिकल पाठ्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव आया था। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों से अभिमत लेने के बाद इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया था। जून महीने में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने रावतपुरा लोक कल्याण ट्रस्ट से प्राप्त पत्र का हवाला देकर निजी विश्वविद्यालयों में मेडिकल पाठ्यक्रम संचालित करने पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति आयुष विवि अधिनियम 2008 की धारा 6 (1) एवं 6 (2) में संशोधन करने की मांग के साथ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र भेजा था। पत्र मंत्री कार्यालय से चिकित्सा शिक्षा विभाग, शिक्षा संचालनालय होते हुए आयुष विवि तक पहुंचा था। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने संशोधन की जरूरत नहीं बताते हुए जवाब भेजा था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जून में लिखी थी चिट्ठी, कांग्रेस ने किया प्रस्तावित संशोधन का विरोध

नियम में संशोधन पर विचार

अभिमत में इस बात का जिक्र था कि अन्य राज्यों में निजी विश्वविद्यालयों में चिकित्सा शिक्षा की अनुमति नहीं दी गई है। सभी राज्यों में चिकित्सा शिक्षा से संबंधित एकमात्र विश्वविद्यालय का संचालन किया जाता है। साथ वर्ष 2023 प्रबंधन बोर्ड द्वारा गठित कार्यसमिति द्वारा इस अधिनियम में संशोधन नहीं किया जाएगा। इस बीच इस बात की चर्चा होने लगी है कि शासन स्तर पर नियम में संशोधन पर विचार किया जा रहा है। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने राज्यपाल को पत्र भेजकर प्रस्तावित संशोधन पर आपत्ति की है।



एकीकृत स्वरूप समाप्त हो जाएगा: डॉ. गुप्ता

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने अपने पत्र में कहा है कि वर्ष 2008 में यह अधिनियम राज्य में चिकित्सा शिक्षा के लिए एक विशेष एवं समर्पित विश्वविद्यालय की स्थापना के उद्देश्य से बनाया गया था। निजी विवि को अनुमति मिलने से परीक्षा प्रणाली में बदलाव होगा। इससे राज्य में चिकित्सा शिक्षा का एकीकृत स्वरूप समाप्त हो जाएगा। निजी विश्वविद्यालयों को समान अधिकार प्रदान किए जाते हैं तो विशेष अधिनियम का मूल उद्देश्य एवं औचित्य समाप्त हो जाएगा। उन्होंने मांग की है कि प्रस्तावित संशोधन तत्काल स्थगित किया जाए, इस विषय पर विशेषज्ञ समिति गठित की जाए। सभी हितधारकों से सार्वजनिक सुझाव आमंत्रित किए जाएं, वर्तमान अधिनियम की मूलभावना को अक्षुण्ण रखा जाए और जब तक विस्तृत अध्ययन न हो, तब तक किसी प्रकार का संशोधन पारित न किया जाए।

अभी बीपीएल, स्कैनर लगने के बाद एपीएल को मिलेगा एटीएम से चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के ट्रांसपोर्ट नगर बिरगांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) योजना के तहत खुले ग्रेन एटीएम (अन्नपूर्ति) सेंटर में अब हितग्राहियों की कतार लगनी शुरू हो गई है। राशनकार्ड या आधार नंबर डालने के बाद फिंगर लगाकर लोग आसानी से अपने कोटे का चावल निकाल रहे हैं। चावल के साथ हितग्राहियों को शक्कर एवं नमक का भी यहां वितरण किया जा रहा है। इस तरह ग्रेन एटीएम में पहुंचने वाले हितग्राहियों को शक्कर एवं नमक के लिए अलग से उचित मूल्य की दुकान भी जाना नहीं पड़ रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि हितग्राहियों की सुविधा के लिए चावल के साथ शक्कर एवं नमक की भी यहां व्यवस्था की जा रही है। इस ग्रेन एटीएम सेंटर के खुलने से इस क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी व्याप्त है।

ग्रेन एटीएम सेटर की सुविधा का लाभ फिलहाल एपीएल वर्ग के कार्डधारक नहीं ले पा रहे हैं। एपीएल कार्डधारक को चावल 10 रुपए प्रति किलो की दर से मिलता है। इनके लिए एटीएम सेंटर में स्कैनर की व्यवस्था होनी है। चावल लेने के लिए उन्हें भुगतान करना होगा। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही स्कैनर की व्यवस्था की जाएगी, जिसके बाद एपीएल धारक भी एटीएम से चावल ले पाएंगे।

3 दिन में 175 हितग्राहियों ने उठाया चावल

ग्रेन एटीएम सेंटर शुरू हुए मात्र 3 दिन बीते हैं। इन 3 दिनों के दौरान 175 हितग्राही एटीएम से चावल उठा चुके हैं। हालांकि ओपनिंग के दिन समय की कमी होने से इस दिन 35 हितग्राही ही चावल ले पाए थे, वहीं दूसरे दिन रविवार को 47 एवं तीसरे दिन सोमवार को 93 हितग्राहियों ने खाद्यान्न लिया। इस तरह धीरे-धीरे हर दिन एटीएम से खाद्यान्न लेने वालों की संख्या बढ़ रही है।

नहीं जाना होगा राशन दुकान

ग्रेन एटीएम सेंटर में हितग्राही स्वयं बायोमेट्रिक प्रक्रिया के जरिए चावल ले रहे हैं। एटीएम सेंटर में शक्कर एवं नमक वितरण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि हितग्राहियों को राशन दुकान तक जाने की जरूरत न पड़े।

- हेलेना तिग्गा, डीएम, नागरिक आपूर्ति निगम, रायपुर

दुर्ग एवं बिलासपुर में भी एक-एक ग्रेन एटीएम

रायपुर के अलावा ग्रेन एटीएम का शुभारंभ दुर्ग और बिलासपुर में भी किया गया है। इस तरह राज्य में ट्रायल के रूप में 3 जिलों में ही एक-एक ग्रेन एटीएम सेंटर की शुरुआत हुई है। इस एटीएम सेंटर को सफलता मिलने के बाद योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसके बाद ग्रेन एटीएम कई जगहों पर खोली जाएंगी।

तीन महीने के चावल वितरण में मिलेगी राहत

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर हितग्राहियों को सुविधा देने के उद्देश्य से तीन महीने का एक साथ चावल वितरण किया जाता है। इसके कारण उचित मूल्य की दुकानों में भीड़ लग जाती है, जिसके कारण कई घंटे तक हितग्राहियों को राशन दुकान में खड़ा रहना पड़ता है। ग्रेन एटीएम सेंटर खुलने से बड़ी संख्या में हितग्राही यहीं से चावल सहित अन्य खाद्यान्न ले सकेंगे। इससे उचित मूल्य की दुकानों पर भीड़ कम होगी, साथ ही हितग्राहियों के समय की भी बचत होगी।

कांग्रेस ने 7 सिरों वाले मंत्रियों और विधायकों का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में बढ़ते अपराध को लेकर शहर जिला कांग्रेस ने आंबेडकर चौक पर प्रदर्शन कर शहर के जनप्रतिनिधि और सांसद का पुतला दहन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन अपराध के नियंत्रण में नाकाम रहा है।

■ शहर जिला कांग्रेस ने कहा- कमिश्नरेट लागू होने के बाद बढ़ीं आपराधिक घटनाएं

रायपुर शहर लूट, हत्या, छेड़छाड़, बलात्कार, नकबजनी, चाकूबाजी का गढ़ बनकर अपराध के नए आयाम गढ़ रहा है। शहर में पिछले एक सप्ताह में 6 हत्याएं, 20 लाख की डकैती, गैंगरेप की घटनाएं हुई हैं। रायपुर में ही कमिश्नरेट लागू होने के बाद उत्तर में 910, पश्चिम में 899 और सेंट्रल जोन में 560 से ज्यादा केस दर्ज हो चुके हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, रायपुर शहर में गली-गली अवैध शराब, गांजा, सूखा नशा, एमडीएमए, सिंथेटिक ड्रग जैसे नशे खुलेआम हो रहे हैं, पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। नशे का कारोबार बढ़ रहा है, लेकिन कभी भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू ने एक बार भी सार्वजनिक रूप से या अन्य प्रयासों से इन अपराधों के रोकथाम के प्रयास नहीं किए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में आंबेडकर चौक पर 7 सिरों वाले मंत्रियों-विधायकों का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया।

ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, सुशांत डे, सचिन अग्रवाल, डॉ. अन्नूराम साहू, प्रवीण चंद्राकर, दीपक चौबे, राज देवांगन, सुंदर जोगी, जावेद नकवी, ओम श्रीवास, सुरेश जैन, सुजीत सिंह, सुरेश धीवर, अंजुमन ढेबर, कमल धृतलहरे, ममता राय, गंगा यादव, मो. ताहिर, विजय टंडन, नंदू सिन्हा, सत्तू सिंह, सतीश साहू, मुन्ना मिश्रा, प्रीति सोनी, महेंद्र सेन, संजय सोनी, मोहसीन खान, राजू दुबे, श्रीनाथ भोगल, डॉ. विष्णु सिंह राजपूत, ऋषि देवांगन, मनोज पटनायक, मो. राशिद, अमित कचलवार, देव दीवान कुर्रे, राधे नायक, मतलूब अली, युधिष्ठिर नायक, विजय सिक्का, देवकी क्षत्रिय, कृष्ण शर्मा, सुधीर बंजारे, शहनाज बेगम, गौतम यादव, अभिषेक निर्मलकर, हिमांशु जैन, शत्रुघन पटेल, अशोक बाघ, धनराज गुप्ता, प्रवाह नासरे आदि उपस्थित थे।

महिला से गैंगरेप, तीन पकड़े गए

रेप के बाद खाना खिलाने ले जाने के बहाने दोबारा कुकृत्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरोरा शराब दुकान के पास महिला को शराब पिलाकर दो बार गैंगरेप करने वाले एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला बिलासपुर चकरभाठा की रहने वाली है। वह काम की तलाश में एक पखवाड़े पूर्व रायपुर आई थी। महिला शराब दुकान के पास खड़ी थी। इस दौरान आरोपी उसे जगह असुरक्षित होने का झांसा देकर एक बंद पड़े कार शोरूम के पास ले गए और उसे शराब पिलाकर बारी-बारी से अनाचार किया।

■ महिला को शराब पिलाकर बदमाशों ने किया अनाचार

महिला से रेप के आरोप में पुलिस ने पीयूष नायक, शिवा बघेल तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि शनिवार देर शाम वह शराब दुकान के पास बैठी थी। इस दौरान तीन युवक उनके पास पहुंचे और उसे सुरक्षित स्थान ले जाने के बहाने शराब दुकान से कुछ दूर एक बंद पड़े कार शोरूम के पास ले गए। महिला को ले जाने वाले पहले से शराब के नशे में धुत थे। वहां जाने के बाद लड़के और शराब खरीदकर ले आए और महिला को शराब पिलाई। शराब पीने के बाद महिला अपनी सुध-बुध खो बैठी। इसके बाद लड़कों ने उसके साथ बारी-बारी रेप किया।

भूख लगी तो बिरयानी खिलाने ले गए

रेप करने के बाद लड़कों ने महिला को रहने-खाने के बारे में पूछा। महिला ने भूख लगने की बात कही, तब युवक उसे अपनी बाइक पर बैठाकर बिरयानी खिलाने एक टपरीनुमा होटल ले गए। इसके बाद महिला को बिलासपुर जाने रेलवे स्टेशन छोड़ने जाने की बात कहते हुए आरडी तिवारी स्कूल के खाली मैदान ले गए। वहां तीनों लड़के फिर से शराब पीने और महिला को पिलाने के बाद खाली मैदान में रेप किया।

पुलिस की मुस्तैदी पर सवाल

घटना के बाद पुलिस की मुस्तैदी पर सवाल उठ रहे हैं। जिस महिला के साथ लड़कों ने रेप किया, रेप करने के बाद एक बाइक पर सवार होकर चारों यूनिवर्सिटी से मेनरोड होते हुए आमापारा मेनरोड स्थित आरडी तिवारी स्कूल मैदान ले गए। इस दौरान बाइक पर सवार चार सवारी पुलिस को नहीं दिखी। महिला को रात 8 बजे के करीब लेकर गए, उस समय पूरे मार्ग पर यातायात के दबाव के साथ पुलिस की चहल-पहल रहती है।

प्रिंसिपल की शिकायत के बाद पहुंची पुलिस

स्कूल मैदान में रात के अंधेरे में संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद आरडी तिवारी स्कूल के प्रिंसिपल ने आजाद चौक पुलिस को कॉल कर इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचने के साथ ही पुलिस ने तीनों लड़कों को हिरासत में ले लिया। महिला स्कूल मैदान में बेहोशी की हालत में पड़ी थी। इसके बाद डॉयल-112 की मदद से महिला को उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार देर शाम महिला का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया।

18 चौराहों के चौड़ीकरण पर ...

ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी का चयन कर कार्य शुरू कराया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक शहर के चिन्हांकित व्यस्त चौराहों को नए सिरे से डिजाइन कर लेफ्ट टर्न फ्री और चौड़ा किया जा रहा है, ताकि मुड़ने वाले वाहनों को रेड लाइट पर रुकना न पड़े। गोल चक्कर आकार की रोटरी को जरूरत के अनुसार छोटा व व्यवस्थित किया जा रहा है। खम्हारडीह थाने के सामने वाले चौक पर दोबारा सर्वे कर बड़े आकार की रोटरी को छोटा किया गया। साथ ही चौराहों को सुंदर बनाने सौंदर्यीकरण और प्रकाश की व्यवस्था पर फोकस किया गया है।

राजधानी के 70 वार्डों में से 28...

पार्षद चुनकर आई हैं। इनमें वर्तमान में 14 वार्ड ऐसे भी हैं, जहां पार्षद पति या प्रतिनिधि बैठक से लेकर वार्डों में आम जनता से जुड़े कामकाज में महिला पार्षदों का हाथ बंटाकर उनका सहयोग कर रहे हैं। नए नियम को लेकर पार्षद पति क्या सोचते हैं, घर और बाहर की जिम्मेदारी में सहयोग कर रहे पार्षद प्रतिनिधि पर इससे क्या फर्क पड़ेगा, इन्हीं विषयों को लेकर हरिभूमि ने संबंधित वार्ड के पार्षद पति से बातचीत की है, जिसमें उन्होंने खुलकर अपनी बात कही। पेश है एक रिपोर्ट :

नए नियम उचित नहीं : सत्यनारायण...

बुराई क्या है? इससे निर्वाचित महिला पार्षद का संबल बढ़ता है। कई महिलाएं गाड़ी नहीं चला पातीं, कुछ ऐसी भी हैं, जो

पेज 11 के शेष ...

तकनीकी रूप से अपग्रेड नहीं हैं। एक घरेलू महिला के साथ पार्षद की जिम्मेदारी निभा रही हैं, ऐसे में उनके जनता से जुड़े सेवा कार्य में हाथ बंटाने को मैं गलत नहीं मानता। महिलाएं पूरा समय तो इसमें नहीं दे पातीं, इसलिए पार्षद प्रतिनिधि या पार्षद पति का सहयोग मिलना चाहिए।

वार्ड में करते हैं काम, मीटिंग में...

में परेशानी न हो, इसलिए सहयोग करता हूं। हमने कभी जोन या मुख्यालय की मीटिंग में दखल नहीं दिया। वार्ड की जनता ही उनसे सफाई और विकास कार्य के लिए अपनी बात रखती है, इसलिए पार्षद प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं। महिला प्रतिनिधि वार्ड में 24 घंटे तो नहीं घूम सकतीं हैं न? नया नियम व्यावहारिक नहीं है।

व्यावहारिक नहीं हैं नए...

पार्षद प्रतिनिधि ही मौके पर जाकर लोगों की तकलीफ दूर करने माध्यम बनते हैं। हर जगह वार्ड पार्षद पहुंच पाएं, ऐसा संभव नहीं। इसलिए इसे व्यापक रूप में लिया जाना चाहिए। नियम-कायदे अपनी जगह हैं, पर जनता के बीच चुनकर प्रतिनिधि बनने के बाद जनसेवा करने पर ऐतराज नहीं होना चाहिए।

राजस्थान के ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर से...

पहुंचा था। ड्रग तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने राजस्थान, फलोदी निवासी रामनिवास माचरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी राजस्थान में सिंथेटिक ड्रग की फैक्ट्री में काम करने वाला है। आरोपी फैक्ट्री में काम करने के साथ ही ड्रग डिस्ट्रीब्यूट करने का काम करता है। पूर्व में ड्रग सिंडिकेट से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी के बाद नए ड्रग सिंडिकेट रायपुर में नया चैनल बनाने की कोशिश में जुटे थे। पुलिस इस बात की जानकारी जुटा रही है कि ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर रायपुर में किससे इंस्टाग्राम से संपर्क कर यहां ड्रग खपाने के लिए आया था। ड्रग तस्कर के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है कि वह रायपुर के पूर्व बिलासपुर में ड्रग आपूर्ति कर चुका है। ***तीन राज्यों में सप्लाई की जिम्मेदारी*** : रामनिवास को ड्रग डिस्ट्रीब्यूट करने तीन राज्यों की जिम्मेदारी मिली थी। उसे छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में ड्रग नेटवर्क फैलाने के साथ ही महाराष्ट्र के नागपुर तथा ओडिशा के शहरों में ड्रग खपाने की जिम्मेदारी दी गई थी। ड्रग नेटवर्क का काम इंस्टाग्राम के माध्यम से ग्राहक जोड़ने के साथ ही उन तक सिंथेटिक ड्रग पहुंचाने की जिम्मेदारी थी।

ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी. ..

पर चोरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कारोबारी निमाई डिंडा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि पूर्व में उसकी दुकान अंदर थी। उन्होंने करीब दो माह पूर्व रोड किनारे की दुकान किराए पर ली थी। शोरूम अभी तैयार किया जा रहा था। इस कारण दुकान में सीसीटीवी कैमरे नहीं लग पाए हैं। दुकान की दीवार में बड़ा से छेद कर चोर दुकान के अंदर दाखिल हुए।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ / अ- 6 / वर्ष 2025-2026
ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71
रायपुर, दिनांक 10/08/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दिनेश कुमार देवांगन पिता कुंज बिहारी देवांगन निवासी ज्योति नगर, मठपुरैना, नेक्स्ट लेवल कैफे के पास, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पत्नी स्व. ज्योति देवांगन पति दिनेश कुमार देवांगन के नाम पर संयुक्त स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 105 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। आवेदक के पत्नी स्व. ज्योति देवांगन का मृत्यू दिनांक 31.10.2025 को हो चुका है मृतक ज्योति देवांगन के विधिक वारिसान में 1. दिनेश कुमार देवांगन पिता कुंज बिहारी देवांगन (पति) 2 नाबा. पियुषी देवांगन (पुत्री) 3. नाबा, अर्पित देवांगन (पुत्र) दोनो के पिता दिनेश कुमार दोनो वली दिनेश कुमार देवांगन पिता कुंज बिहारी देवांगन ही है अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है अतः प्रश्नाधीन भूमि में से आवेदक के पत्नी स्व. ज्योति देवांगन का नाम विलोपित कर उक्त भूमि पर वारिसान का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 21/08/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर (छ.ग.)

:: शपथ पत्र ::

मैं तेजस्व किसोरोलिया पुराना नाम जिसे बदला जाना है सुपूत्र / सुपुत्रि/ पति राजवीर सिंह निवासी रायपुर देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. एतद्वारा पुर्णतः पुष्टिकर्ता करता हूं तथा निम्नानुसार घोषणा करता हूं :-

1. मैं तेजस्व पिता-राजवीर सिंह पता देवेन्द्र नगर, रायपुर का स्थायी निवासी हूं।
2. मेरा पुराना नाम तेजस्व किसोरोलिया है। और मैं अपना नाम बदलकर, अपने आधार कार्ड में नया नाम तेजस्व करवाना चाहता हूं।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नही है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वय जिम्मेदार रहूंगा / रहूंगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में रह कर हस्ताक्षर कर रहा हूं कर रही हूं। तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

सत्यापनः-

मैं तेजस्व किसोरोलिया पुराना नाम जिसे बदला जाना है सुपूत्र/ सुपुत्रि /पति राजवीर सिंह निवासी रायपुर देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक दी गई समस्त जानकारियां सही एवं सत्य है जिससे आज दिनांक स्थान रायपुर छ.ग. मे हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 29.07.2026
तेजस्व सत्यापनकर्ता

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ / अ-6/ वर्ष 2025-26
रायपुर, दिनांक 20/07/2026
ग्राम- पंडरीतराई प.ह.नं.- 109/47

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती रोहणी तांडी पति स्व. श्री राजेन्द्र तांडी पता न्यू शांति नगर गोरखा कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 436/2, 438/28, 441 का भाग संधारण शीट नंबर 32, भूखण्ड क्रमांक 6/1 रकबा 19411 वर्गफुट भूमि को विक्रेता जितेन्द्र अग्रवाल पिता स्व. बृजभूषण लाल अग्रवाल पता दलदलसिवनी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05.06.2026 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 27/08/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार रायपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - राजधानी परियोजना, नवा रायपुर अटल नगर के अंतर्गत धरमपुरा, रायपुर में आबंटित ई.डब्ल्यू. एस. प्रकोष्ठ ब्लॉक / भवन क्रमांक - 33 / 04, भू-तल, आबंटी / आवेदक श्री जितेन्द्र अग्रवाल पिता स्व. श्री सालिक राम अग्रवाल, पता- दानी पारा, पुरानी बस्ती, महामाया मंदिर के पास, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है।

वर्तमान में आवेदक श्री जितेन्द्र अग्रवाल द्वारा उक्त भवन को सुश्री / श्रीमती पूजा मिश्रा पति श्री संजय मिश्रा निवासी मिश्रा निवास, नियर दूधाधारी मठ, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः धरमपुरा, रायपुर में आबंटित ई.डब्ल्यू. एस. प्रकोष्ठ ब्लॉक / भवन क्रमांक - 33 / 04, भू-तल के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि. नवा रायपुर

:: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती भूमिका वर्मा पति श्री रूपेश्वर वर्मा निवासी-554/728, राधाकृष्ण मंदिर के पीछे, डंगनिया, रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेतागण क्रमशः 1. रंजना चंदेल पति-जीवन लाल चंदेल निवासी-वार्ड नं.-22, तितुरडीह, स्टेशन के पास दुर्ग तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 2. हेमलता कौशिक पति-पवन कौशिक निवासी-हाउस नंबर-69/882, शांति विहार कॉलोनी, शिव मंदिर के पास, डंगनिया रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) 3. संजु श्रीवास पति-ढालेन्द्र सिंह निवासी-वार्ड नं.-67, ढेला बाई सोनकर छात्रावास रोड, खल्लारी माता मंदिर के पास न्यू चंगोराभाठा, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) 4. सुनीता कौशिक पति-रोशन लाल कौशिक निवासी-67/3843, वर्धमान कार्स के पीछे भाठागांव, भ्रम्हदेव कॉलोनी, सुंदर नगर, रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) सभी विक्रेतागण पिता स्व. श्यामलाल से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान जिसका ख.नं. 272/12, रकबा 0.0130 हे. अर्थात 1440 वर्गफुट मकान स्थित है, जिसमें 800 वर्गफुट भूतल पर मकान निर्मित है एवं प्रथम तल पर 600 वर्गफुट पक्का मकान बना हुआ है जो कि वाके मौजा-डंगनिया, प.ह.नं.-58, रा.नि. मं.-रायपुर-13, तह. व जिला-रायपुर, छ.ग. में स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित कर दिया है। अब उक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी, अर्द्ध सरकारी संस्था, समिति, बैंक अथवा निकाय को इस सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समयावसान पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान/संपत्ति का विक्रय पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति शून्य मानी जावेगी। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक 10/08/2026
भवदीय
हेमंत यादव(अधिवक्ता)
पता- सांई मंदिर के पीछे डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 79991-70588

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

दवा कारोबार में लापरवाही, दुकानों में जांच, 36 तरह की दवाएं जब्त, थोक में नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन का निरीक्षण, नियमों पर जागरूकता अभियान

बिना डाक्टरी पर्ची के दवाओं की बिक्री, बिना लायसेंस कारोबार, खरीदी-बिक्री का रिकार्ड नहीं रखने जैसे मामलों में लापरवाही के संदेह पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम दवा दुकानों की जांच कर रही है। विभिन्न जिलों में चलाए गए अभियान के दौरान 36 तरह की दवाएं जब्त करने के साथ अनियमितता के मामलों में दुकानदारों को थोक में नोटिस जारी किया गया है।

रायपुर जिले में पिछले दिनों एफडीए की टीम ने पुलिस के साथ चलाए गए संयुक्त अभियान में जिले की 38 दुकानों की जांच की। इस दौरान 5 स्थानों पर लापरवाही मिलने पर उनसे जवाब मांगा गया है। इसी तरह अभियान के दौरान विभागीय टीम ने बिलासपुर के खमरिया में बिना लायसेंस बनाए गए दवा गोदाम की जांच कर 36 तरह की दवाएं जब्त की हैं। जशपुर में मां भगवती मेडिकल स्टोर में औषधि नियमों से संबंधित अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दवा दुकान का लायसेंस भी 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। कोरबा में औषधि विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। एंटी बायोटिक एवं प्रतिबंधित दवा की खरीद-बिक्री का रिकार्ड नहीं रखने वाले दवा कारोबारी को नोटिस जारी किया है। सारंगढ़ के तीन दवा दुकानों में में अनियमितता पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। मेडिकल स्टोर संचालकों को चिकित्सक की वैध पर्ची एवं आवश्यक अभिलेखों के बिना नियंत्रित औषधियों का विक्रय नहीं करने तथा प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी लगाने की हिदायत दी गई है। इसी तरह बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में लायसेंस निलंबित होने के बाद भी कारोबार करने वाले दवा दुकान के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पकड़ी जा चुकी है नकली दवा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कुछ समय पहले प्रदेश में नकली एंटीबायोटिक दवा खपाने वाले गिरोह का खुलासा किया था। इस मामले में दो स्थानीय दवा कारोबारी के साथ इंदौर के दवा सप्लायर को भी पकड़ा गया था। आरोपी एंटीबायोटिक दवा के नाम पर चूने से बनी गोली बेचने का कारोबार करते थे। नकली एंटीबायोटिक का यह मामला अभी न्यायालय में लंबित है।

- रायपुर जिले में 38 दुकानों की जांच, कोताही मिलने पर 5 को थमाया नोटिस

एफडीए, पुलिस का संयुक्त अभियान

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में मनोत्तेजक दवाओं का दुरुपयोग नशे के लिए किया जा रहा है। इन दवाओं की खरीद-बिक्री के लिए छोटे-बड़े कई गिरोह काम कर रहे हैं। इस बात की आशंका है कि दवा कारोबार से जुड़े कतिपय लोग भी इससे जुड़े हुए हैं। इस अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान दवा दुकानों में अनियमितता पाई जाती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक यात्री डीआरएम को रोज कर रहे समय पर ट्रेन चलाने की मांग

रायपुर पहुंचने वाली ज्यादातर ट्रेनें लेट स्टेशन पर घंटों इंतजार कर थक रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेनें विलंब से चलने की वजह से यात्रियों की परेशानी हर दिन बढ़ती जा रही है। रायपुर पहुंचने वाली करीब 80 प्रतिशत ट्रेनें रोजाना देर से चल रही हैं। लोकल ट्रेनों में सफर करने वाले दैनिक यात्री समय पर अपने दफ्तर भी नहीं पहुंच पा रहे। लोकल ट्रेनों को आउटर पर लंबे समय तक रोके जाने से दुर्ग से रायपुर के बीच सफर में एक घंटे से अधिक विलंब हो रहा है।

हरिभूमि ने सोमवार को जब ट्रेनों की पड़ताल की तो पता चला कि दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक रायपुर पहुंचने वाली ट्रेनें 2 से 5 घंटे तक लेट थीं। इनमें लोकल और एक्सप्रेस दोनों ट्रेनें शामिल थीं। दुर्ग से ट्रेन निकलने के बाद से ही दूसरे स्टेशनों तक पहुंचते-पहुंचते लेटलतीफी शुरू हो जाती है। सोमवार को संपर्क क्रांति दुर्ग से निकलने के बाद रायपुर पहुंचने तक 9 मिनट विलंबित हो चुकी थी। इसके बाद भाटापारा तक यह 29 मिनट, उसलापुर तक 31 मिनट और पेंड्रारोड तक 1 घंटा 40 मिनट लेट हो गई। शहडोल पहुंचने तक ट्रेन 2 घंटे 3 मिनट लेट हो चुकी थी। इसी तरह साउथ बिहार एक्सप्रेस, जो रायपुर मंडल की ट्रेन है, दुर्ग से समय पर रवाना हुई, लेकिन रायपुर 5 मिनट की देरी से पहुंची। इसके बाद तिल्दा पहुंचने तक 31 मिनट और सक्ती पहुंचने तक यह ट्रेन 1 घंटे 12 मिनट विलंबित हो चुकी थी।

लोकल से एक्सप्रेस तक यात्री त्रस्त

- रायपुर पहुंच रही हर दूसरी ट्रेन विलंबित, सारनाथ, अमरकंटक, समता समेत आधा दर्जन ट्रेनों ने किया परेशान

स्टेशन में घंटों इंतजार करना पड़ रहा

यात्री समय पर स्टेशन पहुंच गए थे, लेकिन ट्रेनें लेट होने के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी एक्स पर रायपुर डीआरएम को लेकर ट्रेन लेट होने से जुड़ी शिकायतें यात्रियों की ओर से लगातार मिल रही थीं। दुर्ग और बिलासपुर से ट्रेनें समय पर छूटने के बावजूद रायपुर पहुंचते-पहुंचते लोकल ट्रेनें 1 से 2 घंटे तक विलंबित हो रही हैं। इस समय पटरियों पर कार्य नहीं होने के बावजूद एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो रही है। महानगरों से रायपुर आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें 2 से 6 घंटे तक विलंबित चल रही हैं। कोई भी ट्रेन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही है।

शहडोल से होकर आने वाली ट्रेनें भी घंटों लेट

शहडोल से होकर रायपुर पहुंचने वाली ज्यादातर ट्रेनें विलंबित चल रही हैं। इनमें सारनाथ, अमरकंटक समेत करीब आधा दर्जनभर ट्रेनें शामिल हैं। ये ट्रेनें रोज 3 घंटे से अधिक विलंबित हो रही हैं। पड़ताल में पता चला कि शहडोल के बाद ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो जा रही है, जिसका असर निर्धारित समय पर पहुंचने पर पड़ रहा है। अमरकंटक एक्सप्रेस रोज करीब 3 घंटे विलंब से रायपुर पहुंच रही है।

रेलवे के सुधार निर्देश का असर नहीं

रेलवे सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यात्रियों को आश्वासन दे रहा है कि ट्रेनों को समय पर चलाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी ट्रेनों की रफ्तार और लेटलतीफी पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। अंबिकापुर एक्सप्रेस के रायपुर पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 8.30 बजे है, लेकिन यह ट्रेन करीब एक महीने से 3 से 4 घंटे विलंब से पहुंच रही है। इसकी वजह यह है कि यह ट्रेन रायपुर से अंबिकापुर पहुंचने के बाद शहडोल जाती है। वापसी में यह ट्रेन घंटों विलंब से पहुंच रही है। अंबिकापुर में यात्रियों को रात 12 से 1 बजे तक ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है।

पेड़ों की सुरक्षा में लगाए ट्री-गार्ड-कंक्रीट के घेरे हटाए जा रहे

- निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में 10 जोन कमिश्नर वार्डों में पौधों को कर रहे चिन्हांकित
- अब तक 1731 ट्री-गार्ड, 375 कंक्रीट के घेरे और पेवर हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम सीमा क्षेत्र में लगाए गए पेड़-पौधों के प्राकृतिक विकास के लिए नगर निगम पूर्व में लगाए गए पौधों के चारों ओर से लगाए गए ट्री-गार्ड और कंक्रीट के घेरे तथा पेवर को हटाने में जुटा हुआ है, ताकि पौधों को विकसित होने के लिए स्वतः मिट्टी और पानी मिल सके। यह कार्य नगर निगम के सभी दस जोन में किया जा रहा है। अब तक शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पेड़-पौधों के पास से 1731 ट्री-गार्ड और 375 कंक्रीट के घेरों समेत पेवर भी हटाए गए।

दरअसल प्रोजेक्ट पुनर्जीवन के अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में निगम आयुक्त संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जोन कमिश्नरों द्वारा मॉनिटरिंग कर अपने-अपने जोन क्षेत्र के सभी वार्डों में ऐसे पौधों की पहचान की जा रही है , जो पूर्व में चारों ओर से ट्री गार्ड और कंक्रीट के घेरों से घिरे होने के कारण प्राकृतिक रूप से विकसित नहीं हो पा रहे थे, अब ऐसे पौधों को पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से उसके चारों ओर लगाए गए पेवर को हटाया जा रहा है।

किए जाएंगे सम्मानित

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने राजधानी के सभी नागरिकों से अपील की है कि ऐसे सभी पौधों को आवश्यक खाद, पानी देकर विकसित करने में सहभागी बनें। ऐसा करने वाले पर्यावरण प्रेमी और नगरवासियों को पर्यावरण मित्र के रूप में जिला प्रशासन के तत्वावधान में प्रोजेक्ट पुनर्जीवन योजना अंतर्गत सम्मानित किया जाएगा।

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 11 अगस्त 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

'श्रावण मास के दूसरे सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में मंत्रोच्चार, जलाभिषेक, भस्म आरती और श्रृंगार आरती के पश्चात दर्शन व पूजन के लिए श्री हाटकेश्वर नाथ के कपाट कांवड़ियों के लिए खोले गए, जिससे भक्तों को जलाभिषेक का अवसर मिला। वहीं, शाम को नरैया तालाब स्थित श्री नरहरेश्वर महादेव को फूलों से सजाया गया। इसके साथ ही, करीब दो क्विंटल बर्फ से बाबा बर्फानी, बाबा महाकालेश्वर और श्री खाटू श्याम के स्वरूपों का दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।'

● श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जयघोष के साथ कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

बाबा बर्फानी को आकार देने दो क्विंटल बर्फ का उपयोग महाकालेश्वर और श्री खाटू श्याम स्वरूप में श्रृंगार दर्शन

रायपुर। महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर में दूसरे सोमवार को भक्तों की सुविधा के लिए भी पुख्ता इंतजाम किया गया था। कांवड़ लेकर छोटे-छोटे समूह में पहुंचे कांवड़ियों को ठहरने और जलाभिषेक करवाने के लिए लाइन लगाने से बचाने के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। कांवड़ियों का जत्था सोमवार को बड़े समूह में नहीं पहुंचता। इससे शिवालय में लोगों को सिर्फ श्रृंगार दर्शन के लिए कतार का हिस्सा बनना पड़ा। जलाभिषेक करने का संकल्प लेकर पहुंचे भक्तों और कांवड़ियों को अवसर देने में सेवकों ने सहयोग दिया। जबकि शहर के सभी शिवालयों में दर्शनार्थियों की भीड़ देखने को मिली।

शहर के अवंती विहार में स्थित श्री शिव सांई मंदिर में भक्तिमय माहौल रहा। लोग भगवान का अभिषेक और पूजन करने के लिए पहुंचे। इसके चलते जयघोष और मंत्रोच्चार की गूंज रही।

कचना स्थित श्री सुरेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही कालोनी के लोगों ने परिवार के साथ दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक का पुण्य लाभ प्राप्त करने अनुष्ठान किए।

इसी तरह तेलीबांधा शिव मंदिर में भक्तों की आवाजाही से भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। उपासकों ने भगवान का पूजन करने के साथ ही नंदी के कान में शिव के लिए संदेश दिया।

गायत्री नगर स्थित शिव मंदिर में दूसरे सोमवार को हर वर्ग के उपासकों ने भोलेनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। कई लोगों ने तय समय में महादेव को जलाभिषेक भी किया।

मोतीबाग स्थित श्री बाबा बैजनाथ धाम मंदिर में भी भक्तिमय माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से महादेव को जलाभिषेक किया। मुख्य मार्ग से सटे श्री धाम में शाम को श्रृंगार आरती की गई।

एक ही स्थान पर तीन स्वरूप को दिया आकार

नरैया तालाब स्थित श्रीनरहरेश्वर महादेव की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। अखंड रामायण पाठ के साथ ही, दूसरे सोमवार को भक्तों और कलाकारों के सहयोग से मंदिर प्रबंधन ने करीब दो क्विंटल बर्फ से एक ही स्थान पर तीन स्वरूपों को आकार दिया। पं. देवचरन शर्मा ने बताया कि फूलों और विविध फलों का उपयोग करके बाबा का दिव्य श्रृंगार किया गया। इस वर्ष भी विशेष साज-श्रृंगार के दर्शन के लिए भक्त सपरिवार पहुंचे।

सीखेश्वर नाथ महादेव का फल श्रृंगार दर्शन

चंगोराभाठा में महादेवा तालाब स्थित श्री सीखेश्वर नाथ मंदिर में दिव्य श्रृंगार किया गया। सर्वराकार पं. योगेन्द्र पुरी ने बताया कि फल, मिष्ठान, कमल के पुष्पों से श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के दौरान शिवलिंग पर रोली और चंदन से 'त्रिपुंड' तथा 'महादेव' अंकित करने के बाद विशेष पूजन किया। शिवलिंग के मस्तक पर तांबे का विशाल नागदेवता और नक्काशीदार छत्र शोभायमान था। जलाधारी एवं मंदिर प्रांगण को फलों और गुलाबी कमल पुष्पों से सजाया गया।

सिटी इवेंट

नृत्य, गायन और कविता की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया सम्मानित

रायपुर। भारत विकास परिषद्, संकल्प शाखा की ओर से आमा सिवनी स्थित शीतल बाड़ी में मातृशक्ति के लिए सावन उत्सव का आयोजन किया गया। दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में आगंतुक महिलाओं का भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी महिलाओं ने अपना परिचय दिया, जिससे एक-दूसरे के साथ आत्मीयता बढ़ाने का अवसर मिला। इस दौरान भारत विकास परिषद् के उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर शुरू हुआ।

प्रतियोगिता में दिखा महिलाओं का उत्साह

मातृशक्ति ने नृत्य, गायन और कविता सहित विभिन्न प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को परिषद् की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'सुहाग की पोटली' रही। कार्यक्रम के समापन पर सभी मातृशक्ति को भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप सुहाग की पोटली भेंट की गई। इस पहल से महिलाओं में उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है।

सावन उत्सव में महिलाओं ने दी लोकसंगीत की प्रस्तुति

रायपुर। छत्तीसगढ़ी इंदिरा महिला ब्राह्मण समाज ने सोमवार को सावन उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न मनोरजंक खेल के जरिए अपनी कला भी दिखाई। प्रतियोगिताओं में अंताक्षरी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सभी महिलाएं हर रंग के विशेष साड़ी में पहुंची हुई थीं। आयोजन की शुरुआत लोकसंगीत व सावन के आराध्य महादेव की भजन से हुई। इस दौरान अनिता पांडेय, इंद्राणी शर्मा राजकुमारी शर्मा, धनेश्वरी त्रिपाठी, कामनी शर्मा, रानी शर्मा व निवेदिता शर्मा ने सुंदर प्रस्तुति दी। इस सावन उत्सव में प्रथम स्थान में लाली शर्मा, द्वितीय स्थान में विनीता शर्मा व तृतीय स्थान पर ममता दुबे रहीं। सांत्वना पुरस्कार रानी शर्मा, सविता शर्मा, रेखा शर्मा को प्राप्त हुआ।

इंडक्शन प्रोग्राम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों में दिखा उत्साह, शैक्षणिक व्यवस्था से हुए रूबरू

रायपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र अध्ययनशाला में सोमवार को सुबह 11:30 बजे विभाग के सभागृह में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. ए.के. श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र कल्याण डीन प्रो. राजीव चौधरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. ए.के. श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के दौरान अनुशासन, समयबद्धता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के ज्ञान, व्यक्तित्व, विचार एवं दृष्टिकोण के विकास का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए निरंतर सीखने और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना सेठी, डॉ. सुनील कुमार कुमेटी, डॉ. कपिल चंद्रा, डॉ. प्रगति राजकमल रॉय सहित अन्य प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विद्यार्थी परिषद का गठन

कार्यक्रम के दौरान विभागीय विद्यार्थी परिषद का गठन भी किया गया। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से तृतीय सेमेस्टर के दो तथा प्रथम सेमेस्टर के दो विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें परिषद के विभिन्न दायित्व सौंपे गए। इनमें परिषद के अध्यक्ष निलेश कुमार साहू तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष चंचल वर्मा तृतीय सेमेस्टर, सचिव निकिता चौधरी प्रथम सेमेस्टर और संयुक्त सचिव हर्षिता साहू प्रथम सेमेस्टर को बनाया गया।

अनुशासन ही सफलता की कुंजी

विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल सोनेकर ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संयम, अनुशासन एवं समय की पाबंदी के साथ अपने जीवन को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय का सदुपयोग, नियमित अध्ययन एवं निरंतर सीखने की प्रवृत्ति भविष्य की सफलता की मजबूत नींव तैयार करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय के नियमों, शैक्षणिक मर्यादाओं एवं अनुशासन का पालन करते हुए अध्ययन एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना के लिए 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन

रायपुर। दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विद्यार्थियों को आवेदन के साथ छात्रवृत्ति से संबंधित अन्य आवश्यक प्रक्रिया भी ऑनलाइन माध्यम से पूरी करनी होगी। योजना अंतर्गत चयनित पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाएगी। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में संबंधित विद्यालय अथवा शिक्षण संस्था द्वारा 15 अक्टूबर तक आवेदनों की जांच एवं सत्यापन किया जाएगा। इसके पश्चात द्वितीय चरण में जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 30 अक्टूबर तक आवेदनों का परीक्षण किया जाएगा। दोनों स्तरों पर सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पात्र पाए गए विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति के लिए चयन किया जाएगा।

मुंबई से अभिनेता रोहिताश्व गौड़, राजेन्द्र गुप्ता, रजित कपूर ने हिस्सा लिया

निर्मल पांडेय स्मृति फिल्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ी फिल्म भूलन द मेज देख गदगद हुए दर्शक

कार्नर न्यूज

रायपुर। शांतिनगर स्थित विमतारा भवन में सातवें 'निर्मल पांडेय स्मृति फिल्म फेस्टिवल-2026' का आयोजन किया गया है। इस दो दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा जगत के जाने-माने सितारे शिरकत कर रहे हैं। 10 से 11 अगस्त तक आयोजित इस फिल्म महोत्सव के पहले दिन, सोमवार को मुंबई से अभिनेता रोहिताश्व गौड़, राजेंद्र गुप्ता और रजित कपूर ने हिस्सा लिया। यह फिल्म महोत्सव संस्कृति विभाग के सौजन्य से निर्मल पांडेय स्मृति न्यास एवं लिब्रा वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त बैनर तले आयोजित किया गया है। पहले दिन अभिनेता रोहिताश्व गौड़ और रेखा गौड़ ने सुदर्शन गौड़ व निर्मल के साथ जीवन के अनुभवों की यादों को साझा किया। वहीं, सुबह 11.30 बजे लघु फिल्मों एवं स्टूडेंट्स फिल्म्स का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म 'भुलन द मेज' का विशेष प्रदर्शन किया गया।

फिल्म प्रदर्शन के पश्चात, शाम 4:30 बजे 'भुलन' के निर्देशक मनोज वर्मा की खास बातचीत राजेंद्र गुप्ता और जयंत देशमुख के साथ हुई। इस बातचीत में छत्तीसगढ़ी और हिंदी सिनेमा, अभिनय, संवाद आदि पहलुओं पर सारगर्भित चर्चा हुई। साथ ही, फिल्म महोत्सव में फिल्म 'बिरहा' की स्पेशल स्क्रीनिंग में रजित कपूर के संवाद दर्शकों के लिए खास रहे। फिल्म महोत्सव में फिल्में देखने और अभिनेताओं से मिलने के लिए सिनेमाप्रेमी और युवा रंगकर्मी उमड़ पड़े।

हिंदी-छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों से सजे फिल्मोत्सव

ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन, शिमला के विशेष सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल में दो दिन मुंबई व छत्तीसगढ़ के फिल्मी सितारों का खास आकर्षण है। पहले दिन बालीवुड अभिनेता रोहिताश्व गौड़, राजेन्द्र गुप्ता, प्रोडेक्शन डिजाइनर जयंत देशमुख और छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री से मनोज वर्मा शामिल हुए। मंगलवार को अभिनेता संजय बत्रा, आशित चटर्जी और महेंद्र सिंह रघुवंशी, संगीत निर्देशक आमोद कृष्ण भट्ट, छत्तीसगढ़ के निर्देशक सतीश जैन, पद्मश्री अनुज शर्मा, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, पुष्पेंद्र सिंह विशेष रूप से सम्मिलित रहेंगे।

सिटी लाइव

देशभक्ति क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता कला

रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो डिवाज़ की ओर से अडॉप्टेड हैप्पी स्कूल, टेमरी में ट्राइकलर ट्रिब्यूट पेंटिंग वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कला और रचनात्मकता के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना था। कार्यशाला का संचालन रोटेरियन निशा गोयल द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के विषय पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान 50 बच्चों को पेंटिंग किट व आवश्यक सामग्री वितरित की गई, जिससे उन्होंने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। चित्रकला के साथ-साथ बच्चों के लिए एक देशभक्ति क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रीय प्रतीकों और नैतिक मूल्यों से जुड़े सवाल पूछे गए। सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूरा कक्षा परिसर बच्चों के रंगों, मुस्कान और उत्साह से जीवंत हो उठा। क्लब की अध्यक्षा रोटेरियन नेहा जैन और सचिव रोटेरियन शिल्पा चोपड़ा के नेतृत्व में तथा प्रोजेक्ट चेयरपर्सन रोटेरियन निशा गोयल के संयोजन में आयोजित यह कार्यक्रम रोटरी के लास्टिंग इम्पैक्ट (स्थायी प्रभाव) के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास साबित हुआ।

● एनआईटी में स्पेस टेक्नोलॉजी पर संवादात्मक सत्र में शोधार्थी स्टूडेंट्स से बोले विशेषज्ञ

अंतरिक्ष में ही डेटा प्रोसेसिंग और कंप्यूटिंग होगी संभव, पृथ्वी पर डेटा भेजने की नहीं होगी झंझट

एनआईटी में स्पेस टेक्नोलोजी पर आधारित एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। संस्थान के सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेंट्री एक्सप्लोरेशन द्वारा टेकमीटूस्पेस संस्था के सहयोग से सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में सैटेलाइट के बारे में जानकारी देने, अंतरिक्ष में डेटा सेंटर विकसित करने, उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग तकनीक के उपयोग तथा वैश्विक कंपनियों के साथ सहयोग पर विशेष जोर दिया गया।

सैटेलाइट में 1.5 किलोवाट बिजली उत्पादन की क्षमता

सैटेलाइट में लगभग 1.5 किलोवाट बिजली उत्पादन की क्षमता विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है। सत्र में अंतरिक्ष में डाटा सेंटर्स स्थापित करने की भविष्य की योजना के बारे में भी बताया गया। सैटेलाइट में एनवीडिया जीपीयू जैसी उच्च क्षमता वाली तकनीक का उपयोग करके अंतरिक्ष में ही डेटा प्रोसेसिंग और कंप्यूटिंग करने पर काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य डेटा को तेजी से प्रोसेस करना और पृथ्वी पर डेटा भेजने की आवश्यकता को कम करना है।

रायपुर। कार्यक्रम सत्र में हेड सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेंट्री एक्सप्लोरेशन डॉ. सौरभ गुप्ता, टेकमीटूस्पेस के हेड ऑफ सॉल्यूशन तनुज जोशी और हेड ऑफ बिजनेस प्रियांशु साहू उपस्थित रहे। इस सत्र चर्चा में संस्थान के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सत्र के दौरान एक्सपर्ट ने बताया कि टेकमीटूस्पेस का मुख्य उद्देश्य सैटेलाइट को

अधिक उन्नत और सक्षम बनाना है। कंपनी सैटेलाइट में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रही है, जिससे अंतरिक्ष में ही डेटा को प्रोसेस और उपयोग किया जा सके। कंपनी के एमओआई-1ए मिशन के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसे कंपनी के पहले व्यावसायिक सैटेलाइट के रूप में बताया गया।

2028 के अंत तक कई सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना

टेकमीटूस्पेस भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी विभिन्न कंपनियों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। कंपनी इसरो के पीएसएलवी के साथ आगामी लॉन्च के लिए कार्य कर रही है और स्पेक्स सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ भी सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि 2028 के अंत तक कई सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना है।

पांच और सैटेलाइट विकसित करने का लक्ष्य

भविष्य में लगभग पांच और सैटेलाइट विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन सैटेलाइट्स में बेहतर नियंत्रण और दिशा निर्धारण के लिए कंट्रोल्ड जायरोस्कोप जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। सैटेलाइट के संचालन के लिए अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसके लिए इसमें पावर सबस्टेशन, सन सेंसर, स्टार ट्रैकर ओर कम्युनिकेशन मॉड्यूल जैसे महत्वपूर्ण सिस्टम लगाए जाते हैं।

इवेंट लाइव

चौपाटी फेस्टिवल में देशभर के स्ट्रीट फूड का मिलेगा स्वाद

रायपुर। शहरवासियों को देशभर की लोकप्रिय चौपाटियों और स्ट्रीट फूड का स्वाद एक ही जगह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सायाजी में चौपाटी क्रेविंग्स फूड फेस्टिवल शुरू हुआ है। फेस्टिवल का शुभारंभ 7 अगस्त को क्रेविंग्स रेस्टोरेंट, सायाजी रायपुर में किया गया। आयोजन 23 अगस्त तक चलेगा। फूड फेस्टिवल में देश के अलग-अलग हिस्सों में लोकप्रिय स्ट्रीट फूड, चटपटे स्नैक्स, पसंदीदा स्ट्रीट-फूड क्लासिक्स और विभिन्न प्रकार के मीठे व्यंजन शामिल किए गए हैं। आयोजकों के अनुसार भारत की चौपाटियां और फूड स्ट्रीट्स देश की खान-पान संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जहां स्वाद, विविधता और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इसी अनुभव से प्रेरित होकर 'चौपाटी क्रेविंग्स' तैयार किया गया है। यहां मेहमान परिवार और दोस्तों के साथ अलग-अलग तरह के स्ट्रीट फूड का आनंद ले सकेंगे। इस अवसर पर एग्जीक्यूटिव शेफ राजेंद्र सिंह ने कहा कि चौपाटी क्रेविंग्स भारत की जीवंत स्ट्रीट-फूड संस्कृति को समर्पित एक विशेष पहल है। इसका उद्देश्य मेहमानों को देश की प्रसिद्ध फूड स्ट्रीट्स के स्वाद और माहौल का अनुभव एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

गतका प्रतियोगिता में रायपुर बना ओवरऑल चैंपियन, अब राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे प्रदर्शन

रायपुर। द गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान व गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की संबद्धता में आयोजित तृतीय सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता-2026 का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह संपन्न हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 जिलों से करीब 357 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी, कोच और मैनेजर शामिल हुए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गतका को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। सभी जिलों में प्रशिक्षण व्यवस्था, प्रशिक्षण केंद्र और प्रशिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। प्रतियोगिता की पुरुष वर्ग की ओवरऑल चैंपियनशिप रायपुर ने जीती। बिलासपुर दूसरे और मुंगेली तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, बालिका वर्ग में मुंगेली प्रथम, बलौदाबाजार द्वितीय और महासमुंद तृतीय स्थान पर रहा। विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक, पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रशिक्षण उपलब्ध कराना संगठन का लक्ष्य

द गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के चेयरमैन एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि गतका को प्रदेश के प्रत्येक जिले तक पहुंचाना और युवाओं को नियमित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना संगठन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि गतका खेल के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, संस्कार और साहस से भी जुड़ा है। समारोह में बलदेव सिंह भाटिया, सिमरन सिंह, ख्वाजा अहमद, जगजीत सिंह खनूजा, एस. भामरा, राजवंत सिंह गरेवाल सहित सिख समाज, गुरुद्वारा कमेटियों, खेल संगठनों और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों, रेफरी, निर्णायकों, कोच, मैनेजर और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

कथा को आत्मसात करने से श्रोताओं की लगती है भगवान के पास हाजिरी

रायपुर। कथा में बैठने से भगवान के सामने हाजिरी नहीं होती, जब तक श्रोता कथा को आत्मसात ना कर लें। सती की कथा ने जगत के माता-पिता को सिखाया है कि व्यापार के साथ संसार में कहीं पर कुछ मिल जाए, तो उसे स्वीकार करें। वह तुम्हें फांसी पर नहीं चढ़ा देंगे। लेकिन अहंकार हमें स्वीकार करने नहीं देता, इसलिए हम उसे स्वीकार नहीं कर पाते हैं। एक बार तुम स्वीकार करके देखो, तुम्हारा भला होना तय है। सती ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि भगवान शंकर से मृत्यु की कामना की थी। आत्महत्या करना बहुत बड़ा पाप है। हमारा सनातन धर्म और धर्म विज्ञान हमें सिखाता है कि कहां बैठना चाहिए और कहां नहीं। हम जब से कथा सुना रहे हैं, कलाकार हमेशा तय स्थान पर ही बैठते हैं। लेकिन, एक बार ऐसी घटना घटी जब जगतगुरु कथा सुन रहे थे, तब उनका सिंहासन इन कलाकारों के स्थान पर था, इससे कलाकारों को दूसरी तरफ बैठना पड़ा। इससे कथा करने में बहुत परेशानी हो रही थी। समता कालोनी स्थित मैक कालेज आडिटोरियम में जारी श्रीराम कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए यह बात संतश्री शंभूशरण लाटा महाराज ने कही।

अभिमानी संसार में किसी रिश्ते को नहीं मानता

इसी बीच सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी कथा में शामिल हुए और संतश्री लाटा जी महाराज का पगड़ी पहनाकर स्वागत करते हुए आशीष लेने के बाद श्रोता दीर्घा में बैठे। गोस्वामी जी कहते हैं कि मांगा हुआ दुख छोड़ना पड़ेगा, अगर आपकी मान्यता में दुख बैठा हुआ है तो उसको अभी छोड़ना पड़ेगा। अगर छोड़ दोगे तो फिर से तुम सुखी हो जाओगे। पिता, गुरु, स्वामी और मित्र के घर में अगर कोई मंगल काम हो तो बिना पूछे या आमंत्रण के नहीं जाना चाहिए, क्योंकि इससे विरोध पैदा होना स्वाभाविक है। अभिमान ऐसी चीज है जो कोई रिश्ता नहीं मानता है। अभिमान हो जाए और बेटी भी सुख के काम में बिना बुलाए पहुंचती है तो गुस्सा होना स्वभाविक है। ऐसा ही माता सती के साथ हुआ, जब वह पिता दक्ष के यहां बिना आमंत्रण चली गई थी। शिव का अर्थ कल्याण है और जिस यज्ञ में कल्याण नहीं, वह यज्ञ कभी पूर्ण नहीं हो सकता है। यज्ञ होता है स्वाहाः के लिए, लेकिन दक्ष ने यज्ञ वाह-वाह के लिए किया था।

भक्त को पतन से बचाने के लिए शिवजी नष्ट कर देते हैं अहंकार

श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला, रायपुर में जारी चातुर्मासिक प्रवचन को गति देते हुए सोमवार को शिव पुराण की कथा को विस्तार देते हुए, प्रसंग में शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. इंदुभवानन्द तीर्थ ने बताया कि भगवान शिव भक्त के अहंकार को नष्ट कर देते हैं। अहंकार भक्त को पतन की ओर ले जाता है। जो भगवान शिव की उपासना करते हैं, भगवान शिव उन्हें पतन से बचाने के लिए उनके अहंकार को नष्ट कर देते हैं। नारद जी को भी भगवान शंकर की माया से मोहित होना पड़ा। नारद ने गंगा के तीर पर तपस्या करके काम पर विजय प्राप्त की। उनके मन में अहंकार उत्पन्न हो गया और वे भगवान शंकर की शरण में चले गए तथा बताया कि मैंने काम पर विजय प्राप्त की है। लेकिन, नारद जी के मन में कुछ भिन्न विचार आए। उन्होंने शिवजी की बात की उपेक्षा की और भगवान नारायण के पास जाकर सारा प्रसंग सुनाया। इस प्रकार नारद जी ने भगवान शिव की बात नहीं मानी। भगवान नारायण समझ गए कि नारद के मन में अहंकार हो गया है। उन्होंने विचार किया कि 'यह हमारा भक्त है, अतः इसका अहंकार नष्ट होना चाहिए।'

सिटी लाइव

स्टूडेंट्स ने बनाया एआई बेस्ड ब्रेन ट्यूमर मॉनिटरिंग मशीन और एक्जाम पेपर इंटीग्रिटी सिस्टम

रायपुर। ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। 45 दिनों तक चले कौशल आधारित एवं अनुभवात्मक कार्यक्रम के दो चरणों में देश के विभिन्न संस्थानों के 350 से अधिक इंजीनियरिंग विद्यार्थियों ने भाग लिया। वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम-2026 का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक कक्षा-कक्षीय शिक्षा से आगे ले जाकर लर्निंग बाय डूइंग के माध्यम से उभरती प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक कौशल, उद्योग का अनुभव और वास्तविक समस्याओं पर समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम में नेक्स्ट जनरेशन एआई, एआई फाउंडेशन्स, एजेंटिक एआई, साइबर सिक्यूरिटी तथा वीएलएसआई एंड सेमीकंडक्टर टेक्नॉलॉजी जैसे पांच प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग असाइनमेंट्स, प्रोजेक्ट और इंडस्ट्री इंट्रेक्शन आयोजित किए गए। एआई सेटर ऑफ एक्सीलेंस हैकथॉन में विद्यार्थियों ने नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इनमें विद्यार्थी आनंदिता इंदुरखिया, आस्था श्रीवास्तव एवं आयुष कुमार ने अपना प्रोजेक्ट नेक्स्ट जनरेशन एआई विद पीथॉन प्रस्तुत किया। यह एक्सप्लेनेबल एआई बेस्ड ब्रेन ट्यूमर क्लासिफिकेशन एंड एमआरआई मॉनिटरिंग पर आधारित रहा।

सर्वश्रेष्ठ चार नवाचारी प्रोजेक्ट को मिला पुरस्कार

वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम में विद्यार्थी त्विष्मय चौधरी, आर. रिशिता, श्रद्धा कुशवाहा एवं रोहन कुमार साहू ने प्रोजेक्ट विक्टर कोर के तहत एजेंटिक एआई सिस्टम्स यूजिंग लॉगचेन एंड लांगग्राफ प्रस्तुत किया। विद्यार्थी सौभाग्य देव, सार्थक कुमार एवं सुबोध कुमार साहू ने प्रोजेक्ट जीवन सेतु के अंतर्गत नेक्स्ट जेन इंडस्ट्री प्रोग्राम इन ब्लॉकचेन एंड साइबर सिक्योरिटी प्रस्तुत किया।

श्री विमलनाथ जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता-पिता के चरणों में अर्पित की श्रद्धा, लिया आशीर्वाद

धर्मात्मा वह है, जो अपने समान सभी के धर्म, हित के बारे में सोचे

कार्नर न्यूज

रायपुर। श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में जारी श्री दिगम्बर जैन आदीश्वरधाम नवोदय तीर्थ समयोपदेश वर्षायोग में सोमवार का दिन धर्म, भक्ति और ज्ञान की त्रिवेणी से ओत-प्रोत रहा। सुबह अभिषेक, शांतिधारा और पूजन किया गया। इसमें श्री पार्श्वनाथ जिनालय टैगोर नगर दिगंबर जैन मंदिर के समस्त समाजजन शामिल हुए। अभिषेक और शांतिधारा करने का सौभाग्य श्री सनत, अनिल, मनोज, रोमिल जैन चूड़ी वाला परिवार एवं द्वितीय शांतिधारा करने का सौभाग्य संदीप जैन परिवार आम्रपाली, अध्यक्ष टैगोर नगर परिवार को प्राप्त हुआ। वर्षायोग समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जैन गुरुकृपा, कार्यकारी अध्यक्ष संजय नायक जैन ने बताया कि सोमवार को श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा के बाद संतों के सान्निध्य में स्वाध्याय किया गया। इसमें मुनि श्री पुनीत सागर महाराज द्वारा तत्त्वार्थ सूत्र का अध्ययन करवाया गया।

स्वाध्याय सुनना भी एक प्रकार की महान तपस्या

मुनि श्री आगम सागर द्वारा छह ढाला की कक्षा में 7 नरक का सूक्ष्म व्याख्यान करते हुए सुंदर मंगल देशना दी गई। आज संतों की आहारचर्या का सौभाग्य राजकुमार संस्कार जैन (भाटापारा परिवार), झाबक बाड़ा, मुनि श्री पुनीत सागर जीः पुष्पा बंशीलाल जैन, जैन बाड़ा, एलक श्री 105 धैर्य सागर जीः चंपा देवी विजय कुमार जैन, सिटी कोतवाली चौक, एलक श्री 105 स्वागत सागर जीः शालिनी आनंद जैन, बढ़ईपारा ललिता चौक को प्राप्त हुआ। मुनि श्री आगम सागर जी महाराज ने प्रवचन में बताया कि स्वाध्याय सुनना भी एक प्रकार की महान तपस्या है। यह तपस्या हर किसी से होना भी संभव नहीं है। प्रणीत जैन ने बताया प्रवचन की श्रृंखला से जुड़ने समाज के लोग बड़ी तादाद में पहुंचते हैं।

माता-पिता का सम्मान ही जीवन का सबसे बड़ा संस्कार : साध्वी सिद्धांत ज्योति

माता-पिता के प्रति कृतज्ञता, सम्मान और श्रद्धा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्री विमलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट, आध्यात्मिक चातुर्मास समिति एवं श्री नाकोड़ा भैरव सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मातृ-पितृ वंदनावली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और समाजजनों ने हिस्सा लिया। माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा की भावना से पूरा वातावरण भावपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में साध्वीश्री सिद्धांत ज्योति ने माता-पिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता-पिता केवल संतान को जन्म देने वाले नहीं, बल्कि जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। जिस तरह अन्य विशेष अवसरों और पर्वों को मनाया जाता है, उसी तरह माता-पिता के सम्मान, सेवा और वंदना के लिए भी वर्ष में एक दिन विशेष रूप से 'मातृ-पितृ वंदनावली दिवस' के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां की ममता और पिता का अनुशासन व संरक्षण संतान के व्यक्तित्व की नींव तैयार करते हैं। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में भौतिक सुविधाएं बढ़ रही हैं, लेकिन माता-पिता के साथ संवाद, समय और भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखना भी जरूरी है। उनका सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी जरूरतों को समझने, उनके साथ समय बिताने और उनकी सेवा के रूप में दिखाई देना चाहिए। साध्वीश्री ने भारतीय संस्कृति में 'मातृ देवो भवः' और 'पितृ देवो भवः' की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों को बचपन से ही माता-पिता और बुजुर्गों के सम्मान एवं सेवा के संस्कार दिए जाने चाहिए। इससे परिवार मजबूत होगा और समाज में भी सकारात्मक वातावरण बनेगा। कार्यक्रम में माता-पिता और संतान के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाती वंदना एवं सम्मान की प्रस्तुतियां हुईं।

ज्योतिष

सूर्य व चंद्रग्रहण के साथ 6 ग्रहों का बदलाव, राशियों पर पड़ेगा प्रभाव

इस साल अगस्त में दो ग्रहण और 6 ग्रहों के बदलाव के कारण अगस्त के 20 दिन बहुत ही खास हैं। इन 20 दिनों 6 ग्रहों का बदलाव तो होने जा ही रहा है, साथ ही सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण भी एक महीने में हो रहे हैं। कुछ नक्षत्रों का गोचर है और कुछ ग्रहों का, गुरु उदय हो रहे हैं। 12 अगस्त से 28 अगस्त को सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण का भी योग बन रहा है। आइए जानें कौन कौन से ग्रहों का बदलाव राशियों को प्रभावित होगा।

कौन ग्रह कर रहे नक्षत्र परिवर्तन : सबसे पहले 11 अगस्त को शुक्र का नक्षत्र परिवर्तन हो रहा है। इस दिन सूर्य हस्त नक्षत्र में जा रहे हैं। सूर्य का नक्षत्र परिवर्तन उस समय हो रहा है जब कर्क राशि में सूर्य हैं। गुरु का नक्षत्र परिवर्तन भी अश्लेषा नक्षत्र में हो रहा है। यह 19 अगस्त को होगा। गुरु 14 अगस्त को उदय भी होंगे। 25 अगस्त को शुक्र का चित्रा नक्षत्र में गोचर होगा।

इन राशियों को लाभ : कन्या राशि को शुक्र का गोचर लाभ देगा। आपके लिए जीवनसाथी से जुड़े लाभ मिलेंगे।सिंह राशि को सम्मान, आत्मविश्वास और सरकारी लाभ मिलेंगे, सिंह का गोचर आपको लाभ देगा। धनु राशि के लिए करियर में अच्छे योग बन रहे है, आपको घूमने और नौकरी में लाभ के योग हैं।

इन राशियों पर भारी : मीन राशि के लिए धन लाभ के योग तो बनेंगे, लेकिन हेल्थ और धन को लेकर आपको सावधानी लेनी होगी। आपको नुकसान भी हो सकता है। चंद्रग्रहण और शनि साढ़ेसाती का असर पर होगा। कुंभ राशि में ग्रहण हो रहा है, इस राशि में राहु है और शनि का साढ़ेसाती का चरण भी चल रहा है। आपको मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन ग्रहों के प्रभाव के कारण आपके लिए नुकसान के योग भी बन रहे हैं।

त्रिक भाव में लगेगा सूर्य ग्रहण, कुंभ सहित इन्हें होगी खूब धन हानि

साल 2026 का आखिरी सूर्य ग्रहण 12 अगस्त को लगने वाला है। यह ग्रहण कर्क राशि और बुध के अश्लेषा नक्षत्र में लगने वाला है। ज्योतिष गणना के अनुसार, सिंह राशि के 12वें, धनु राशि के 8वें और कुंभ राशि के 6वें भाव में ग्रहण का प्रभाव पड़ेगा। इन तीनों को त्रिक भाव कहा जाता है। सामान्यतः ज्योतिष में त्रिक भाव के परिणाम अशुभ माने हैं। इसके प्रभाव में आने वाले जातक धन, कारोबार, करियर और स्वास्थ्य के मोर्चे पर बड़ा नुकसान उठाते हैं।

सिंह राशि : सिंह राशि वालों के 12वें भाव में सूर्य ग्रहण का प्रभाव माना जा रहा है। यह भाव व्यय और हानि से संबंधित माना जाता है। ऐसे में इस राशि के जातकों को अपने बजट पर विशेष ध्यान देना होगा। अचानक बढ़ने वाले खर्च आर्थिक दबाव बढ़ा सकते हैं। किसी भी कार्य में लापरवाही परेशानी खड़ी कर सकती है। आपको गुस्से पर नियंत्रण रखना आपके लिए महत्वपूर्ण होगा।

उपाय- सूर्य मंत्रों का जाप करें.

धनु राशि : धनु राशि वालों के 8वें भाव में सूर्य ग्रहण का प्रभाव बताया गया है। यह भाव आयु और संकट से संबंधित माना जाता है। कार्यस्थल पर कोई नया प्रयोग करने या बड़ा आर्थिक निवेश करने से फिलहाल बचना बेहतर रहेगा। पैसों से जुड़े लेन-देन में भी अतिरिक्त सतर्कता रखें। गलत संगति में पड़कर समय और धन दोनों की बर्बादी हो सकती है। वाहन चलाते समय भी सावधानी बरतें।

उपाय- विष्णु मंत्रों का जाप करें.

कुंभ राशि : कुंभ राशि के छठे भाव में सूर्य ग्रहण का प्रभाव बताया गया है। यह भाव रोग और शत्रु से संबंधित माना जाता है। ऐसे में कार्यक्षेत्र में विरोधियों या प्रतिस्पर्धियों से सावधान रहना होगा। कोई व्यक्ति आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकता है। बहस से बचें। स्वास्थ्य के लिहाज से पेट और रक्त से जुड़ी परेशानियां सामने आ सकती हैं.

उपाय- हनुमान चालीसा का पाठ या हनुमान मंत्रों का जाप करें.

गंदे पानी के कारण दस्त, पीलिया, पोलियो और हैजा जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है

पीने का पानी सुरक्षित रखने के लिए अपनाएं घरेलू तरीके, नहीं होगी कोई बीमारी

पीने का पानी सेहत के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन अगर यह गंदा हो जाए तो इससे कई बीमारियां हो सकती हैं। गंदे पानी के कारण दस्त, पीलिया, पोलियो और हैजा जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पीने का पानी साफ और सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने घर में पीने का पानी साफ और सुरक्षित रख सकते हैं।

पानी को उबालें

पानी को उबालना एक आसान और असरदार तरीका है, जिससे आप उसे कीटाणुओं और जीवाणुओं से मुक्त कर सकते हैं। पानी को उबालने से पहले उसे एक पैन या बर्तन में डालें और उसे कम से कम 5-10 मिनट तक उबालें। इसके बाद इसे ठंडा करके किसी साफ बोतल या बर्तन में भर लें और ठंडे स्थान पर रख दें। इस तरह से पानी पीने के लिए सुरक्षित हो जाएगा।

प्राकृतिक तरीके अपनाएं

प्राकृतिक तरीके जैसे कि सूरज की किरणों का उपयोग करके भी पानी को साफ किया जा सकता है। इसके लिए पानी को साफ कांच या प्लास्टिक बोतल में भरकर उसे सूरज की रोशनी में रख दें। लगभग 6 घंटे बाद यह पानी पीने योग्य हो जाएगा। इन तरीकों का पालन करके आप अपने घर में पीने के लिए साफ और सुरक्षित पानी उपलब्ध करा सकते हैं।

जल शुद्धिकरण मशीन का करें उपयोग

जल शुद्धिकरण मशीन नई तकनीक पर आधारित होती है, जो पानी को छानकर उसे साफ करती है। यह मशीन पानी की गंदगी को हटाकर उसे पीने योग्य बनाती है। इस मशीन का उपयोग करने से न केवल पानी साफ होता है बल्कि इसका स्वाद भी बेहतर हो जाता है। इसे घर में लगाने से आप हर समय साफ और सुरक्षित पानी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे परिवार के स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है।

क्लोरीन की गोलियों का करें इस्तेमाल

क्लोरीन की गोलियां भी पानी को साफ करने का एक अच्छा तरीका है। ये गोलियां पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणु और वायरस को मार देती हैं। इन्हें इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले एक लीटर पानी में एक क्लोरीन की गोली डालें और उसे अच्छे से हिलाएं। 30 मिनट बाद यह पानी पीने के लिए तैयार हो जाएगा। ध्यान रखें कि इस पानी को सीधे धूप में न रखें क्योंकि इससे क्लोरीन की ताकत कम हो सकती है।



कहीं चुपके से घर में तो नहीं घुस गया सांप, दिखें ये संकेत, तुरंत हो जाएं सतर्क

बारिश के मौसम में अक्सर सांप जंगलों में बने अपने बिल छोड़कर शहरी इलाकों का रुख करने लगते हैं। दरअसल, बरसात का पानी उनके बिलों में भर जाता है, जिसकी वजह से वो छिपने के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना ढूंढते हैं। इसके साथ ही खाने की तलाश भी उनके रिहायशी इलाकों में आने की वजह बनती है। इसलिए वो आपके घरों, बगीचों, स्टोर रूम और ड्रेनेज के आसपास पहुंच सकते हैं और वहां छिपकर बैठ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि घर में सांपों की मौजूदगी का पता लगाना नामुमकिन है।

दरअसल, अक्सर लोग अनजाने में उन संकेतों को इग्नोर कर देते हैं, जो घर में जहरीले सांपों के छिपे होने के बारे में बताते हैं. ऐसे में अगर कुछ छोटे-छोटे संकेत समय रहते पहचान लिए जाएं, तो किसी बड़े हादसे से बचा जा सकता है।

आइए जानते हैं ये संकेत, जो बताते सांप की उपस्थिति

घर या गार्डन में सांप की उतरी हुई केंचुली मिलना : अगर आपको घर, गार्डन, लकड़ियों के ढेर, पुराने सामान के पीछे या किसी कोने में सांप की उतरी हुई केंचुल दिखाई दे, तो इसे नजरअंदाज न करें। केंचुली ट्रांसपेरेंट होती है, जिसपर सांप की स्किन जैसे निशान होते हैं। हालांकि, कई बार पुरानी केंचुली का मतलब सिर्फ इतना होता है कि सांप वहां से गुजर चुका है, लेकिन अगर अलग-अलग जगहों पर बार-बार केंचुली मिलने लगे, तो ये आसपास सांप की मौजूदगी का संकेत हो सकता है।

कोनों में अजीब तरह की बीट दिखना : सांप की बीट देखने में चूहे या पक्षियों की बीट जैसी लग सकती है, लेकिन इसमें अक्सर सफेद हिस्सा होता है और कई बार इसके अंदर फर या हड्डियों के छोटे टुकड़े भी दिखाई दे सकते हैं। अगर ऐसी बीट स्टोर रूम, लकड़ियों के पास या दीवार के किनारों में बार-बार दिख रही है, तो सावधान हो जाएं।

बंद जगहों से लगातार अजीब सी बदबू आना

अगर आपके घर के किसी हिस्से से लगातार अजीब सी बदबू आ रही है, तो ये सांप की मौजूदगी का संकेत हो सकता है। दरअसल, कुछ सांप अपने पीछे हल्की तेज और कस्तूरी जैसी बदबू छोड़ सकते हैं। अगर स्टोर रूम, सीढ़ियों के नीचे, अटारी या किसी बंद जगह से बार-बार अजीब बदबू आ रही है और सफाई के बाद भी खत्म नहीं हो रही, तो उस जगह की सावधानी से टेस्ट करानी चाहिए।

फुफकारने की आवाज या नए बने बिल

अगर घर के आसपास, बरामदे, लकड़ियों के ढेर, ड्रेनेज या नींव के पास से फुफकारने की आवाज आए या मिट्टी में नया बिल या खुदाई जैसे निशान दिखाई दें, तो इन्हें बिल्कुल भी हल्के में न लें।

प्रेगनेंसी में अपने साथ रखें बच्चे के विकास का ध्यान, शरीर में बिल्कुल न होने दें खून कमी

प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं के शरीर को आम दिनों की तुलना में ज्यादा न्यूट्रिशन की जरूरत होती है। इस समय मां के शरीर में बच्चे के विकास के लिए अधिक खून बनता है। अगर शरीर में आयरन की कमी हो जाए, तो खून की कमी यानी एनीमिया हो सकता है। इससे महिला को कमजोरी, चक्कर, थकान और सांस फूलने जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। यही नहीं, आयरन की कमी का असर बच्चे की बढ़त पर भी पड़ सकता है।

रोज एक मील में शामिल करें मसूर दाल

मसूर दाल भारतीय रसोई में आसानी से मिलने वाली और आयरन से भरपूर दालों में से एक है। इसे बनाने में भी कम समय लगता है। गर्भवती महिलाएं इसे चावल या रोटी के साथ खा सकती हैं। इसमें प्रोटीन भी अच्छी क्वांटिटी में होता है, जो मां और बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद माना जाता है।

सहजन की पत्तियां भी हैं फायदेमंद

सहजन यानी मोरिंगा की पत्तियों में आयरन के साथ कई दूसरे जरूरी न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं। इन्हें सब्जी, सूप या दाल में मिलाकर खाया जा सकता है। अगर ताजी पत्तियां न मिलें, तो डॉक्टर की सलाह से मोरिंगा पाउडर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

राजमा और तिल भी बढ़ा सकते हैं आयरन

राजमा सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि पोषण के लिए भी अच्छा माना जाता है। इसमें आयरन और प्रोटीन दोनों होते हैं। वहीं तिल में भी आयरन अच्छी मात्रा में पाया जाता है। तिल को चटनी, लड्डू या सलाद में मिलाकर खाया जा सकता है।

गुड़ और पालक को न करें नजरअंदाज

गुड़ को लंबे समय से देसी खान-पान का हिस्सा माना जाता है। इसमें भी आपको आयरन मिल जाता है, लेकिन इसे सीमित मात्रा में खाने से फायदा मिल सकता है। वहीं पालक भी आयरन का अच्छा सोर्स है। अगर पालक में नींबू का रस या टमाटर मिलाकर खाया जाए, तो शरीर आयरन को बेहतर तरीके से अपना सकता है।

भोजन के समय इन बातों का रखें ध्यान

आयरन वाले भोजन के साथ नींबू, आंवला, संतरा या टमाटर जैसी विटामिन सी वाली चीजें खाने से आयरन शरीर में बेहतर तरीके से पहुंचता है। वहीं चाय और कॉफी को खाने के तुरंत बाद पीने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे आयरन का असर कम हो सकता है।

हर गर्भवती महिला की जरूरतें अलग

हर गर्भवती महिला की जरूरत अलग होती है। कई महिलाओं को सिर्फ भोजन से पूरा आयरन नहीं मिल पाता। ऐसे में डॉक्टर आयरन की गोलियां या दूसरे इलाज की सलाह दे सकते हैं। बिना सलाह के कोई भी दवा या सप्लीमेंट को शुरू नहीं करना चाहिए। सही भोजन, जांच और डॉक्टर की सलाह से ही मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य को बेहतर रखा जा सकता है।

फटी एड़ियों और रूखे पैरों से लुक हो जाता है खराब, अपनाएं घरेलू उपाय

चेहरे की सुंदरता के साथ-साथ पैरों और विशेषकर एड़ियों की खूबसूरती का ख्याल रखना भी बेहद जरूरी होता है। हालांकि, कई महिलाएं अपने पैरों की सही देखभाल नहीं कर पाती हैं, जिसके कारण उनकी एड़ियां फटने लगती हैं। एड़ियों में गहरी दरारें आने की वजह से कई बार महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ जाता है। ऐसे में कुछ बेहद आसान घरेलू उपायों को अपनाकर फटी एड़ियों को फिर से कोमल और मुलायम बनाया जा सकता है।

नारियल का तेल : फटी एड़ियों को ठीक करने के लिए नारियल का तेल बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए 1 बड़ा चम्मच शुद्ध नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर लें और रात को सोने से पहले उससे अपनी एड़ियों की अच्छी तरह मालिश (मसाज) करें। मालिश करने के बाद पैरों में सूती मोजे पहन लें और अगली सुबह सामान्य पानी से पैर धो लें। कुछ दिनों तक लगातार ऐसा करने से एड़ियां बहुत जल्द मुलायम हो जाती हैं।

ग्लिसरीन और गुलाब जल : पैरों की त्वचा को कोमल बनाने के लिए गुलाब जल और ग्लिसरीन का मिश्रण भी काफी असरदार साबित होता है। इसे बनाने के लिए 3 चौथाई मात्रा में गुलाब जल और 1 चौथाई मात्रा में ग्लिसरीन मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को अपनी एड़ियों पर कुछ देर के लिए लगाकर छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से पैरों को साफ कर लें। रोजाना इस उपाय को अपनाने से बहुत जल्द असर दिखने लगता है।

बिजनेस साइट सिटी

सावन क्वीन 2026 में महिलाओं ने बिखेरा हुनर और अंदाज

रायपुर। प्रोफेसर कॉलोनी स्थित द ऑरास्टिक हाउस द्वारा आयोजित 'सावन क्वीन 2026' में महिलाओं ने प्रतिभा, आत्मविश्वास और आकर्षक अंदाज का प्रदर्शन किया। फाउंडर काश्मिका सोनी एवं योग साधिका पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में हुए आयोजन में 30 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में रैंप वॉक, टैलेंट राउंड और व्यक्तिगत प्रस्तुतियों के जरिए सावन, भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति को प्रस्तुत किया गया। द गुड स्टार्ट स्कूल की डायरेक्टर डिंपल सोनी विशेष अतिथि रहीं। निर्णायक मंडल में आस्था ताओरी और पायल नागवानी शामिल थीं। ईश्वरी सिंह गोर ने शानदार प्रस्तुति के साथ 'सावन क्वीन 2026' का खिताब जीता। मीरा नर फर्स्ट रनर-अप और अनुपमा पिल्लई सेकंड रनर-अप रहीं। साध्या हरिहरनो को जजेज चॉइस, सुषमा को सर्वाइवर, श्रीमती कुमार को बेस्ट स्माइल और प्रियंका को बेस्ट टैलेंट का खिताब मिला। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को प्रतिभा और व्यक्तित्व प्रदर्शन का मंच देना था।

■ 'सावन क्वीन 2026' में ईश्वरी सिंह गोर बनीं विजेता

रोबोटिक्स बूटकैम्प से छात्राओं को मिलेगा स्टेम का व्यावहारिक प्रशिक्षण

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय में शासकीय विद्यालयों की छात्राओं को स्टेम शिक्षा और उभरती तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से एक माह के 'रोबोटिक्स बूटकैम्प फॉर गवर्नमेंट गर्ल स्टूडेंट्स' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राखी की 52 छात्राओं ने भाग लिया। प्रति-कुलपति डॉ. मोनिका सेठी शर्मा ने छात्राओं को जिज्ञासु बने रहने और नई चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। आईक्यूएसी निदेशक डॉ. विजयलक्ष्मी ने प्रथम तकनीकी सत्र में रोबोटिक्स की मूलभूत अवधारणाएं समझाईं। बूटकैम्प में छात्राओं को आर्डुइनो प्रोग्रामिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेंसर, कोडिंग, स्वचालन और प्रोजेक्ट आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

400 करोड़ पार हुई 'स्पाइडर-मैन 4' की कमाई

फिल्म 'स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में दर्शकों को खूब भा रही है। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर चुकी है। वीकएंड पर इसके कलेक्शन में उछाल आया है। इस फिल्म के साथ 'द ओडिसी' भी सिनेमाघरों में लगी है। 'स्पाइडर-मैन 4' को भारत में रिलीज हुए ग्यारह दिन हो चुके हैं। ग्यारह दिनों में इसने 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। बीते दिन शुक्रवार को 'स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे' ने 31 करोड़ रुपए कमाए थे। रविवार को इसका कलेक्शन 26.31 करोड़ रुपए हो गया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 407.06 करोड़ रुपए हो चुका है। वीकएंड पर इस फिल्म की कमाई बढ़ी है। भारत में अंग्रेजी भाषा में इसने 223.45 करोड़ रुपए कमाए हैं। हिंदी में इसने 145.40 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। तेलुगु में इसका कलेक्शन 15.65 करोड़ रुपए रहा है। यह फिल्म कन्नड़, मलयालम और तमिल भाषाओं में भी रिलीज हुई है। फिल्म 'स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे' में टॉम हॉलैंड, जेंडाया, जैकब बैटलन, जॉन बर्नथल, मार्क रफ्लो और सैडी सिंक अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है। इसे दूसरे रविवार को बॉक्स ऑफिस पर वीकएंड का फायदा मिला है। अगर इसका कलेक्शन इसी तरह रहा, तो यह 500 करोड़ रुपए भी कमा सकती है।

टॉलीवुड

नागार्जुन ने रामायण के ट्रेलर को बताया खास

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर अपनी फिल्म रामायण को लेकर तारीफें बटोर रहे हैं। हाल में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। फिल्म में रणबीर को राम और यश को रावण के किरदार में देखा जाएगा। दुनियाभर में एक्टर अपने इन किरदारों की वजह से तारीफें पा रहे हैं। अब साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने भी एक्टर्स को अपना फेवरेट बताया। उन्होंने हाल में कहा कि वो फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। दोनों एक्टर्स के लिए उन्होंने अपना प्यार भी जाहिर किया है। नागार्जुन ने रामायण पार्ट 1 के ट्रेलर के बारे में बात की। उन्होंने कहा 'ट्रेलर बहुत शानदार था। मुझे रणबीर और यश बहुत पसंद है'। नागार्जुन का ये रिएक्शन उस वक्त आया है जब फिल्म की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। ये एक पैनइंडिया फिल्म है जिसका इंतजार ऑडियंस के साथ बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री भी कर रही है। फिल्म में दोनों ही इंडस्ट्री से एक्टर्स नजर आने वाले हैं। फिल्म के ट्रेलर को को अच्छा रिएक्शन मिला। अब फिल्म का थिएटर तक पहुंचने का इंतजार हो रहा है। नागार्जुन ने आगे ट्रेलर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म का ट्रेलर बहुत अहम रोल निभाता है। ये ट्रेलर ही होते हैं जो फिल्म और कलाकारों की पहली जानकारी ऑडियंस तक पहुंचाते हैं। इन्हीं ट्रेलर के आधार पर ऑडियंस किसी फिल्म की टिकट पर अपना पैसा खर्च करते हैं। एक्टर के मुताबिक रामायण का ट्रेलर अपनी छाप छोड़ने में कामयाब हुआ है। बता दें। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही नमित मल्होत्रा की रामायण इस साल की सबसे चर्चित फिल्म बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स ने इस फिल्म के दोनों पार्ट पर 4000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।विदेश से कुछ स्पेशलिस्ट को वीएक्सएफ के काम के लिए बुलाया गया है। फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग तो खत्म हो चुकी है और रिलीज का इंतजार हो रहा है। वहीं दूसरे पार्ट की 50% शूटिंग होने की खबर सामने आई थी। सनी देओल ने ट्रेलर लॉन्च के मौके पर बताया था कि उन्होंने अपने रोल के लिए कुछ ही हिस्सा शूट किया है। मतलब उनका रोल फिल्म के दूसरे पार्ट में अधिक है। पहले पार्ट में शायद उनका इंट्रो ही दिया जाएगा। फिल्म 8 नवंबर को थिएटर में दस्तक देगी।

"बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर सिल्वर शिमरी गाउन में बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका स्टाइल, मेकअप और कॉन्फिडेंस फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। सिल्वर रंग का खूबसूरत एम्बेलिश्ड गाउन पहना है, जिसमें ग्लिटर वर्क और बारीक कढ़ाई उनके लुक को और भी शानदार बना रही है। गाउन का फिटेड सिल्हूट और स्टाइलिश डिजाइन उनके फैशन स्टेटमेंट को अलग पहचान दे रहा है।

महंगी दवाइयों से नहीं, घरेलू ट्रिक्स से खत्म होंगे आपके चेहरे के दाग-धब्बे

टीनेज में चेहरे पर निकलने वाले मुंहासे और धूल-मिट्टी की वजह से चेहरे पर होने वाले मुंहासे अक्सर त्वचा पर निशान छोड़ जाते हैं। वैसे तो इनके होने से कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन जो लोग ज्यादा सोचते हैं, ये निशान उनका आत्मविश्वास कम कर देते हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि मुंहासों की वजह से आए इन निशानों से उनका चेहरा खराब लगता है। इन दाग-धब्बों को दूर करने के लिए लोग महंगे-महंगे डॉक्टर के पास जाकर उनसे दवाईयां भी लेते हैं। पर, क्या आपने कभी घरेलू नुस्खे आजमा कर देखे हैं। अगर नहीं तो यहां हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनको आजमाने के बाद आपके चेहरे के दाग-धब्बे गायब हो सकते हैं।

टमाटर का रस : यदि आप आसान विधि से अपने चेहरे के दाग-धब्बों को हटाना चाहते हैं तो टमाटर का रस इस्तेमाल करके देख लें। इसके लिए टमाटर को सबसे पहले दो भागों में बराबर काट लें। इसके बाद इसे हर दिन

दाग-धब्बे से प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इस आधे कटे हुए टमाटर से आपको अपनी स्किन पर मसाज करनी है। कुछ दिन ऐसा करके देखें, दाग-धब्बे का निशान अपने आप जाने लगेंगे।

एलोवेरा जेल : यदि इसका इस्तेमाल कर रहे हैं, तो कोशिश करें कि ये जेल ताजा ही हो। ताजा एलोवेरा जेल आपकी त्वचा को हील करने का काम करता है। जिसकी वजह से स्किन के दाग-धब्बे अपने आप कम होने लगते हैं। इसके लिए हर रोज सोने से पहले अपनी त्वचा को पहले धोएं और फिर उसपर एलोवेरा जेल अप्लाई करें। इससे आपकी स्किन खिल उठेगी।

हल्दी और दही

इन दोनों ही चीजों में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिनकी वजह से त्वचा से संबंधी कई परेशानियां दूर होती हैं। इसे तैयार करने के लिए आपको एक चम्मच दही में चुटकी भर हल्दी मिक्स करनी है। दोनों चीजों को मिक्स करके चेहरे के दाग-धब्बों पर लगाएं। इसे भी सिर्फ आधा घंटे आपको त्वचा पर लगाना है। दो से तीन हफ्तों के बाद आपको इसका असर दिखने लगेगा।

खीरे का रस

खीरे के रस में पाए जाने वाले तत्व स्किन को हाइड्रेट करने का काम करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले खीरे का रस निकाल लें। इसके बाद इसे रुई की मदद से अपनी स्किन पर अप्लाई करें। खीरे के रस को आप हर रोज अपनी स्किन पर लगा सकते हैं।

इन बातों का भी ध्यान रखें

यदि इन नुस्खों को आजमाने के बाद भी चेहरे के दाग नहीं जा रहे हैं तो किसी अच्छे स्किन रोग विशेषज्ञ की सलाह लें। अपने मन से कुछ भी दवा का सेवन न करें। याद रखें कि चेहरे के दाग-धब्बे को हटाने में सीटीएम रूटीन का भी बड़ा हाथ होता है।

मेकअप जल्दी ना उतर जाए, लंबे समय तक फ्रेश रखने इन बातों का रखें ध्यान

हर महिला चाहती है कि उसका मेकअप दिनभर फ्लॉलेस और फ्रेश नजर आए, लेकिन अक्सर कुछ ही घंटों में मेकअप काला पड़ने लगता है, बह जाता है या फिर पैची (पपड़ीदार) हो जाता है। शादियों का सीजन हो या ऑफिस की लंबी सिटिंग, मेकअप का जल्दी उतर जाना एक बेहद आम समस्या है। चेहरे पर मेकअप न टिकने के पीछे कई छोटी-छोटी गलतियां जिम्मेदार होती हैं। आइए जानते हैं कि आखिर मेकअप को लंबे समय तक टिकाऊ बनाए रखने के लिए किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

त्वचा को तैयार न करना : अगर आप बिना चेहरा धोए या बिना मॉइस्चराइजर लगाए सीधे मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, तो मेकअप त्वचा पर ठीक से बैठ नहीं पाता और जल्दी ही हटने लगता है।

प्राइमर का इस्तेमाल न करना: प्राइमर मेकअप और आपकी त्वचा के बीच एक सुरक्षा कवच (बैरियर) की तरह काम करता है। इसे न लगाने से त्वचा का प्राकृतिक तेल (सीबम) मेकअप को पिघला देता है।

गलत स्किन टाइप के प्रोडक्ट्स चुनना: यदि आपकी त्वचा ऑयली है और आप क्रीमी या ऑयल-बेस्ड प्रोडक्ट्स चुनती हैं, तो मेकअप बहुत जल्दी बह जाएगा। वहीं ड्राई स्किन पर मैट प्रोडक्ट्स लगाने से पैच पड़ जाते हैं।

बहुत ज्यादा प्रोडक्ट लगाना: चेहरे पर फाउंडेशन या कंसीलर की मोटी परत चढ़ाने से मेकअप 'केकी' हो जाता है और लाइन्स में जमा होकर जल्दी उतरने लगता है।

मेकअप को लंबे समय तक फ्रेश रखने के अचूक टिप्स

आइसिंग और सीटीएम रूटीन से करें शुरुआत : मेकअप शुरू करने से कम से कम 10-15 मिनट पहले चेहरे पर मलमल के कपड़े में बर्फ लपेटकर हल्की सिकाई करें। इससे खुले रोमछिद्र सिकुड़ जाते हैं और पसीना कम आता है। इसके बाद क्लींजिंग, टोनिंग और एक लाइटवेट मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं।

प्राइमर को कभी न करें स्किप : मेकअप को लंबे समय तक टिकाने के लिए प्राइमर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह त्वचा के टेक्सचर को स्मूद करता है और बेस को ग्रिप देता है। ऑयली स्किन वाली महिलाओं को 'मैटिफाइंग या पोर-लेस' प्राइमर और ड्राई स्किन वालों को 'हाइड्रेटिंग' प्राइमर लगाना चाहिए।

'लेस इज मोर' का नियम अपनाएं : फाउंडेशन या बीबी क्रीम की केवल उतनी ही मात्रा लें जितनी चेहरे के दाग-धब्बों को छुपाने के लिए जरूरी हो। ब्यूटी ब्लेंडर या स्पंज को हल्का गीला करके थपथपाते हुए मेकअप को ब्लेंड करें। रगड़कर लगाया गया मेकअप कभी भी ज्यादा देर नहीं टिकता।

लूज पाउडर या ट्रांसलूसेंट पाउडर से करें सेट : लिक्विड फाउंडेशन या कंसीलर लगाने के बाद उसे 'लॉक' करना बेहद जरूरी है। इसके लिए एक अच्छे ट्रांसलूसेंट पाउडर या बनाना पाउडर से अपने टी-ज़ोन (माथा, नाक और ठुड्डी) और आंखों के नीचे के हिस्से को 'बेक' या सेट करें। यह अतिरिक्त तेल को सोख लेता है।

सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल है बेहद जरूरी : पूरा मेकअप खत्म होने के बाद चेहरे से करीब 6 इंच की दूरी से 'मेकअप सेटिंग स्प्रे' जरूर छिड़कें। यह आपके पूरे मेकअप को आपस में मर्ज करके एक नेचुरल और फ्रेश लुक देता है, जिससे मेकअप कम से कम 8 से 10 घंटे तक अपनी जगह से टस से मस नहीं होता।

फटे होठों को कहें अलविदा, घर में मौजूद चीजों के इस्तेमाल से मिलेगा फायदा

खूबसूरत और स्वस्थ होंठ न केवल हमारी मुस्कान को आकर्षक बनाते हैं, बल्कि हमारी पूरी शख्सियत में चार चांद लगा देते हैं। हालांकि, मौसम में बदलाव और शुष्क हवाओं के चलने से होठों की संवेदनशील त्वचा अपनी प्राकृतिक नमी खोने लगती है, जिससे होंठ रूखे होकर फटने लगते हैं। कई बार समस्या इतनी गंभीर हो जाती है कि होठों से खून तक आने लगता है। यदि यह दूषित खून लार के जरिए पेट में चला जाए, तो संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।होठों का रूखापन दूर करने और उन्हें हमेशा कोमल बनाए रखने के लिए आप अपने घर में मौजूद प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

भरपूर मात्रा में पानी का सेवन : शरीर को अंदर से हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी है। पानी की कमी का सीधा असर सबसे पहले हमारे होठों पर ही दिखता है। इसलिए दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे।

शहद का पोषण : रात को बिस्तर पर जाने से पहले अपने होठों पर थोड़ा सा शुद्ध शहद लगाएं। सुबह उठकर इसे ठंडे पानी से साफ कर लें। शहद में मौजूद मॉइस्चराइजिंग गुण फटे होठों को बहुत जल्दी ठीक करते हैं।

गुलाबजल और ग्लिसरीन का मिश्रण : रूखेपन को जड़ से मिटाने के लिए ग्लिसरीन और गुलाबजल को बराबर मात्रा में मिलाकर एक शीशी में रख लें। रोज रात को सोने से पहले इसे होठों पर लगाएं, कुछ ही दिनों में होंठ बेहद सॉफ्ट हो जाएंगे।

देसी घी से हल्की मसाज : अपनी उंगली पर जरा सा देसी घी लें और होठों पर हल्के हाथों से गोलाकार (सर्कुलर) मोशन में मालिश करें। इससे होठों का ब्लड सर्कुलेशन (रक्त संचार) बेहतर होता है और उनका कालापन भी दूर होता है।

नाभि पर सरसों का तेल : यह एक बेहद पुराना और अचूक पारंपरिक नुस्खा है। रात को सोने से पहले अपनी नाभि पर सरसों के तेल की कुछ बूंदें लगाने से होंठ फटने की समस्या स्थाई रूप से खत्म हो जाती है।

सुंदर दिखने के चक्कर में कहीं आप भी तो नुकसान तो नहीं पहुंचा रहीं अपने बालों को...

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में समय बचाने और काम में आसानी के लिए ज्यादातर महिलाएं अपने बालों का जूड़ा (हेयर बन) बना लेती हैं। आजकल यह एक बड़ा फैशन ट्रेंड भी बन चुका है। कुछ महिलाएं तो सिर्फ खास मौकों पर स्टाइल के तौर पर जूड़ा बनाती हैं, लेकिन कई महिलाओं की आदत हमेशा बालों को कसकर बांध कर रखने की होती है। हालांकि यह हेयर स्टाइल चेहरे को एक बेहतरीन और साफ लुक देता है, लेकिन सेहत के लिहाज से यह बालों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

ऑयली स्कैल्प और डैंड्रफ का बढ़ता है खतरा : विशेषज्ञों के अनुसार, हर वक्त बालों को बांध कर रखने से स्कैल्प (सिर की त्वचा) में प्राकृतिक रूप से आने वाला तेल जमा होने लगता है, जिससे बाल बहुत ज्यादा ऑयली हो जाते हैं। बालों में लगातार तेल और पसीना जमा रहने के कारण

डैंड्रफ (रूसी) की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है।

जड़ें होती हैं कमजोर और तेजी से टूटते हैं बाल : जब बालों का जूड़ा बनाया जाता है, तो वे पीछे की तरफ खिंचते हैं। इस खिंचाव के कारण बालों की जड़ों पर लगातार दबाव पड़ता है, जिससे वे धीरे-धीरे कमजोर होने लगती हैं। जड़ों के कमजोर होने से बाल तेजी से बेजान होकर टूटने और झड़ने लगते हैं।

गीले बालों को बांधने से आती है बदबू : एक बड़ी लापरवाही यह भी देखी जाती है कि कई महिलाएं बाल धोने के तुरंत बाद, उन्हें ठीक से सुखाए बिना ही बांध लेती हैं। गीले बालों को बांधने से उन्हें पर्याप्त हवा नहीं मिल पाती, जिससे बालों और स्कैल्प में नमी लॉक हो जाती है। इस वजह से बालों से अजीब सी दुर्गंध आने लगती है और फंगल इन्फेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है।

अच्छी इज्जत पैसे से ज्यादा जरूरी : रवि किशन

भोजपुरी सुपरस्टार और सांसद रवि किशन इस बीच सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंड हुए हैं। दरअसल, उनका डायलॉग 'मनी फॉलोज माय ब्रदर' इंटरनेट पर वायरल हो गया था। इस पर जमकर मीम्स बनाए गए और राज शमानी के पॉडकास्ट से निकली उनकी यह लाइन बातचीत में अक्सर इस्तेमाल होने वाली पंचलाइन बन गई। इसे बाद में भाजपा ने रीपोस्ट किया और फिर खुद रवि किशन ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। जब बीजेपी ने इसे पोस्ट किया तो रवि किशन ने इसे रीपोस्ट करते हुए इस बात को आगे बढ़ाया। रवि किशन ने अपनी ही कही बात वाले पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, 'अच्छी इज्जत पैसे से ज्यादा कीमती चीज होती है। इज्जत और पैसा एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। लेकिन, सबसे बड़ी चीज इज्जत है।' मालूम हो कि राज शमानी के साथ बातचीत में जब रवि किशन से पूछा गया था कि उन्हें पहचान चाहिए या पैसा? तो इस पर उन्होंने जवाब दिया था- पहचान।